भाद्रपद शुक्ल पक्ष-5, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 153 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
18 नवम्बर 2023
शनिवार

आज का मौसम
32 अधिकतम
19 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## मप्र में मतदान के आंकड़ों में राजनीतिक दल देख रहे अपनी कमजोरी-मजबूती

# वोटिंग ट्रेंड पर नजर, सियासी सन्नाटे में बोलने लगे गुणाभाग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मप्र में चुनाव का शोर आज से थम गया है,अब सन्नाटों में सियासी गुणाभाग बोलने लगे हैं। भाजपा और कांग्रेस के वॉर रूम में इन आंकडों का पोस्टमार्टम चल रहा है तो सियासी पंडित भी इसमें जुट गये हैं। मप्र में इस बार भी मतदान में तेजी से 'ट्रेंड' समझने की कोशिश हो रही है। आदिवासी क्षेत्रों व ग्रामीण इलाको में मतदान पर भाजपा और कांग्रेस की नजर है। करीब 76 फीसद मतदान का औसत सामने आया है लेकिन आज शाम तक चुनाव आयोग की तरफ से मतदान का अंतिम आंकडा सामने आने के आसार हैं। उम्मीदवारों का पूरा जोर अपने इलाकों की बूथवार वोटिंग को समझने का है। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में इस बार 47 आदिवासी सीटों में से 15 पर मतदान प्रतिशत के बढ़ने से राजनीतिक दलों में बेचैनी बढी है।

भाजपा के अंदरखाने मान रहे हैं कि इससे उसे फायदा हो सकता है। इन सीटों पर राजनीतिक दल और चुनाव आयोग दोनों ने ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए थे। आयोग ने अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित प्रत्येक विधानसभा सीट में कम मतदान वाले 50-50 मतदान केंद्र चिन्हित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को जागरूकता अभियान चलाया था। उल्लेखनीय है कि आदिवासी बहुल जोबट में 54.04 प्रतिशत और बरघाट में सर्वाधिक 88.20 प्रतिशत मतदान हुआ है। 2018 में जोबट में 52.84 प्रतिशत तो सबसे अधिक 89.13 प्रतिशत मतदान अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित सीट सैलाना में हुआ था। तब 47 सीटों में कांग्रेस को 30, भाजपा के 16 और एक पर निर्दलीय प्रत्याशी को जीत मिली थी।




**भोपाल।** मतदान खत्म होने के बाद भोपाल की पुरानी जेल में ईवीएम मशीन की सुरक्षा में तैनात पुलिस जवान।



### 18 जिलों में 80 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

| | |
|---|---|
| सिवनी | 85.68 |
| बालाघाट | 85.23 |
| आगर-मालवा | 85.03 |
| शाजापुर | 84.99 |
| राजगढ़ | 84.36 |
| रतलाम | 82.79 |
| नीमच | 83.30 |
| मंदसौर | 83.28 |
| छिंदवाड़ा | 82.80 |
| नरसिंहपुर | 82.80 |
| डिंडौरी | 82.51 |
| निवाड़ी | 82.36 |
| मंडला | 82.24 |
| हरदा | 81.89 |
| नर्मदापुरम | 81.85 |
| सीहोर | 82.27 |
| देवास | 81.22 |
| बैतूल | 80.70 |

### सबसे कम वोटिंग वाले जिले

| | |
|---|---|
| भिंड | 63.27 |
| भोपाल | 66 |
| रीवा | 66.85 |

**वोटिंग प्रतिशत में**

## शिवराज राजस्थान में करेंगे चुनाव प्रचार



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी चुनाव व्यस्तताओं के बाद आज घर पर ही हैं। उन्होंने सुबह अपने नियमित क्रम की तरह पौधारोपण किया,इसके बाद वे अपने पार्टी नेताओं के साथ संपर्क में हैं तथा मतदान के आंकडों पर चर्चा भी कर रहे हैं तथा अन्य जरूरी फीडबैक ले रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि शिवराज अब राजस्थान में भाजपा के लिये चुनाव प्रचार करने भी जाने वाले हैं। वे 21 से 23 नवंबर तक राजस्थान में चुनाव प्रचार करेंगे। पार्टी ने उन्हें दर्जनभर सीटों पर प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। गौरतलब है कि मप्र में चुनाव प्रचार के दौरान शिवराज ने 165 सभायें व रोड शो किये हैं।

## कमलनाथ ने समर्थकों के बीच केक काटा



कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सीएम कमलनाथ ने आज सुबह अपने निवास पर समर्थकों के बीच केक काटकर खुशियां मनाई,आज उनका जन्मदिन है। लिहाजा सुबह से निवास पर समर्थकों व नेताओं की भीड़ है। बताया जाता है कि वे भी इस जश्न के बाद अपने करीबी नेताओं के साथ वोटिंग और इसका ट्रेंड समझने बैठेंगे। कांग्रेस ने पूरे समय अपना चुनाव प्रचार अपनी गारंटियों पर फोकस करने की पुरजोर कोशिश की थी, कांग्रेस ने उन सीटों पर आखिरी वक्त में पूरी ताकत भी झोंकी थी,जो उसके कब्जे में थीं। पार्टी के अंदरखाने मान रहे हैं कि वोटिंग बढने से उसका मतप्रतिशत बढेगा तथा सीटों में इजाफा होगा।

## कुछ शहरों की रातें अब पचमढ़ी से भी ज्यादा सर्द



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में रात के साथ दिन में भी गुलाबी ठंड का असर बढ रहा है और ठंडअब तेज होने के आसार भी हैं। अगले सप्ताह एक दो दिन छिटपुट बारिके बाद तेज ठंड पड़ना शुरू होगी। अभी 22 शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 30 डिग्री के नीचे चल रहा है। इंदौर-ग्वालियर शहर पचमढ़ी से भी ठंडे हैं। वहीं, ग्वालियर-पचमढ़ी की रातें भी सबसे ठंडी हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम में बदलाव जल्द होगा और दिसंबर में तेज ठंड महसूस होने लगेगी।

## रेसलर खली दूसरी बार पिता बने

**नई दिल्ली , एजेंसी।**



भारत के ख्यात रेसलर दलीप सिंह राणा यानी कि द ग्रेट खली दूसरी बार पिता बन गए हैं। हाल ही में अमेरिका के टेक्सास में ग्रेट खली की पत्नी हरविंदर कौर राणा ने बेटे को जन्म दिया है। ग्रेट खली ने फोन पर बेटे की जन्म की सूचना परिवार को दी। इससे पहले शादी के 12 साल बाद साल 2014 में ग्रेट खली के घर एक बेटी का जन्म हुआ था, जिसका नाम अवलीन राणा है। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले की शिलाई तहसील से जुड़े ग्राम धिरायना के निवासी द ग्रेट खली विश्व विख्यात रेसलर रहे हैं और इस वक्त वे युवाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं तथा होटल व्यवसाय भी चला रहे हैं।

## नौकरी पर दोबारा नहीं रखा तो बम रखने की धमकी दी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

पिछले कुछ साल में आईटी सेक्टर में हजारों कर्मचारियों की नौकरी गई है। कई कर्मचारियों ने या तो दूसरी कंपनी ज्वाइन कर ली या फिर किसी ने अपना खुद का कारोबार शुरू किया, लेकिन टीसीएस की एक पूर्व कर्मचारी ने कुछ ऐसा किया, जिसे जानकर सब चौंक रहे हैं। इस कर्मचारी को पता चला कि उसे दोबारा नौकरी पर नहीं रखा जाएगा तो उसने कंपनी को फर्जी कॉल करके बम की धमकी दे डाली। हालांकि बेंगलुरु पुलिस ने कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बी श्रुति शेट्टी के रूप में की है। वहीं जब शेट्टी ने टीसीएस के ट्रांसपोर्ट हेल्पडेस्क से संपर्क किया और कहा कि बेंगलुरु के ऑफिस में बम है तो कर्मचारियों के बीच दहशत



फैल गई. इसके बाद पुलिस को बुलाया गया। शेट्टी बीबीएम ग्रेजुएट है, एमबीए करने के लिए टीसीएस में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और बाद में कंपनी ने उसे फिर से नौकरी पर रखने से इनकार कर दिया।

## बीएचयू की सुरक्षा अब सेना के रिटायर्ड अफसर करेंगे

**वाराणसी , एजेंसी।**

आईआईटी बीएचयू में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद कैंपस में अब सुरक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी की गई है। बीएचयू कैंपस की सुरक्षा की कमान अब सेना के रिटायर्ड ऑफिसर्स के हाथों में होगी। इसके लिए विश्वविद्यालय में पांच रिटायर्ड कमिशन्ड ऑफिसर और पांच रिटायर्ड जूनियर कमिशन्ड ऑफिसर की तैनाती की जाएगी। बीएचयू की वेबसाइट पर इसकी सूचना जारी करने के साथ ही 25 नवंबर तक इसके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। आईआईटी बीएचयू परिसर में एक नवंबर की रात डेढ़ बजे छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद आईआईटी और बीएचयू परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। विश्वविद्यालय में




पुलिस कमिश्नर मुथा अशोक जैन, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कुलपति प्रो. सुधीर जैन, आईआईटी निदेशक प्रो. पीके जैन संग बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की दिशा में कई अहम फैसले लिए थे।

## मां को मत बताना कि सुरंग में फंस गया हूं...

**उत्तराकाशी टनल हादसे का 7वां दिन,फंसे हैं 40 मजदूर**



**उत्तरकाशी, एजेंसी।**

उत्तराखंड के सिल्क्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को आज सातवां दिन है, अमेरिकी ड्रिलिंग मशीन की मदद से राहत और बचाव कार्य चल रहा है। 150 घंटे से ज्यादा समय से सुरंग में फंसे मजदूरों की अब तबीयत बिगड़ने लगी है। बाहर मौजूद उनके परिजन चिंता में हैं। कुछ मजदूरों की उनके घरवालों से बातचीत भी कराई गई। यह भी खबर थी कि कुछ मजदूरों की तबीयत भी बिगड़ रही है। वहीं एक मजदूर पुष्कर को जब अपने भाई विक्रम सिंह से फोन पर बात का मौका मिला तो उसके मुंह से सबसे पहले यही बात निकली- 'भाई, मां को मत बताना कि मैं यहां सुरंग में फंसा हुआ हूं।' कमजोरी की वजह से 25 साल के पुष्कर की ठीक से आवाज भी नहीं निकल रही थी। फुसफुसाते हुए उसने कहा - 'मैं ठीक हूं। यहां और भी मजदूर फंसे हुए हैं। अगर तुम मां से मेरे बारे में बताओगे तो वह चिंता करेंगी।' अपनी छोड़ मां की चिंता करने वाले भाई से बात कर विक्रम रो पड़ा।

दरअसल, सुरंग में डाली गई एक पाइप के जरिये विक्रम सिंह ने पुष्कर से बातचीत की। चंपावत जिले के छन्नी गोठ गांव के रहने वाले विक्रम ने बताया- 'मुझे गत शुक्रवार को अपने भाई से थोड़ी देर बात करने का मौका मिला। उत्तराखंड रोडवेज में सहायक के रूप में काम करने वाले विक्रम ने कहा- 'मुझे इस घटना के बारे में जैसे ही पता चला, मैं बुजुर्ग माता-पिता को दुर्घटना के बारे में कुछ बताए बगैर तुरंत उत्तरकाशी चला आया। लेकिन मेरे कुछ पड़ोसियों ने घर आकर माता-पिता को इस हादसे के बारे में बता दिया। खबर सुनकर दोनों बहुत सदमे में हैं। मैंने अपने भाई पुष्कर को नहीं बताया कि हमारी मां कितनी परेशान चल रही हैं।

### हौसला बढा रहे राहतकर्मी

लंबे समय से चल रहे इस बचाव अभियान में लगे कर्मचारी लगातार सुरंग में फंसे मजदूरों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं। सुरंग के भीतर 11 पाइपों के जरिये ऑक्सीजन, सूखे मेवे समेत जरूरी सामान भेजे जा रहे हैं। टनल की वेल्डिंग में जुटे कर्मचारियों का कहना है कि 'हम लगातार काम में जुटे हुए हैं। हम अंदर फंसे मजदूरों से उनके स्वास्थ्य के बारे में लगातार अपडेट ले रहे हैं। हर कोई बस एक ही सवाल हमसे पूछता है कि हमें कब बाहर निकालोगे?'

**आस्ट्रेलिया से भी पहुंचे विशेषज्ञः** रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड की ऑस्ट्रेलिया की कंसल्टेंसी कंपनी के विशेषज्ञ उत्तरकाशी पहुंच चुके हैं। वहीं इंदौर से एयरलिफ्ट कर मंगवाई गई मशीन देर रात जौलीग्रांट एयरपोर्ट से चली। मशीन के पार्ट्स कंडीसौड़ पहुंच गए हैं।

**मेट्रो एंकर**

## कमाई के रिकार्ड भी टूट रहे

# विश्वकप से इकॉनामी को 20 हजार करोड़ का मिलेगा बूस्ट!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

भारत में चल रहा क्रिकेट विश्वकप टूनामेंट खेल,दर्शकऔर कमाई दोनों मोर्चे पर कीर्तिमान रच रहा है। कहा जा रहा है कि यह आयोजन हर लिहाज से जबरदस्त सफल रहा है। अब सामने आए आंकडों के मुताबिक भारत- न्यूजीलैंड के बीच पहले सेमीफाइनल मुकाबले को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिकॉर्ड 5.3 करोड़ से ज्यादा लोगों ने लाइव देखा। विश्वकप-23 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने 20 प्रायोजकों के साथ भागीदारी की है। उसके पास छह वैश्विक भागीदार हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, आयोजन से आईसीसी को 150 करोड़ डॉलर यानी करीब 1,249 करोड़ रुपये की कमाई का अनुमान है। डिज्नी-स्टार के अनुसार, टीवी पर दर्शकों ने 2019 की तुलना में 12त्न अधिक समय बिताया। इससे स्टार व डिज्नी को 2,500 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। बीसीसीआई को भी इस विश्व कप से काफी फायदा हुआ है। 10 लाख से अधिक दर्शकों ने स्टेडियम पहुंच कर मैच देखे हैं। पहले सेमीफाइनल तक 42 मैचों के लिए 10 स्टेडियम में 10 लाख से अधिक फैंस रोमांचक मुकाबलों के गवाह बने हैं। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मुकाबले को देखने के लिए एक लाख दर्शक पहुंचे थे।



### 20 हजार करोड़ तक बढ़ सकती है अर्थव्यवस्था

इस विश्वकप से भारतीय अर्थव्यवस्था में 13 हजार से 20 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि होने का अनुमान लगाया गया है। आईसीसी दो से तीन माह में व्यापक रिपोर्ट जारी करेगी। 2019 क्रिकेट विश्वकप के आयोजन से ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 3,600 करोड़ रुपये बढ़ी थी।

## टीम इंडिया की भगवा जर्सी पर भड़की ममता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अब टीम इंडिया की जर्सी को लेकर सवाल उठा दिए हैं। ममता ने कहा सब कुछ भगवा रंग में रंगा जा रहा है। उनका सीधा निशाना बीजेपी की ओर है, इस बयान पर बीजेपी बीजेपी ने पलटवार किया और कहा कि ममता ने तो पूरे कोलकाता को नीले और सफेद रंग में रंग दिया है। दरअसल मध्य कोलकाता के पोस्ता बाजार में जगधात्री पूजा के उद्धाटन अवसर सीएम ममता ने कहा, अब सब कुछ भगवा हो रहा है ! हमें अपने भारतीय खिलाड़ियों पर गर्व है और मुझे विश्वास है कि वे विश्व विजेता बनेंगे। लेकिन जब वे अभ्यास करते हैं तो उनकी ड्रेस भी भगवा हो गई है जबकि वे पहले नीला रंग पहनते थे। यहां तक कि मेट्रो स्टेशनों को भी भगवा रंग में रंगा जा रहा है। ममता ने कहा कि एक बार मैंने सुना था कि मायावती ने अपनी मूर्ति बनवाई है, लेकिन अब यह सामान्य हो गया है, अब हर चीज का नाम नमो के नाम पर रखा जा रहा है. इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है। 'इस तरह की नौटंकी हमेशा फायदे की ओर नहीं ले जा सकती. सत्ता आती और जाती रहती है.' बनर्जी ने कहा कि यह देश जनता का है, न कि एक पार्टी की जनता का।





## ग्यारस के लिए सजे बाजार

भोपाल। हमीदिया रोड सब्जी मंडी में दिवाली के बाद आने वाली ग्यारस के लिए गन्ने का बाजार सज गया है।

### कलचुरी सेना और श्री जनसेवा समिति द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा भगवान सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव

# सहस्त्रबाहू जन्मोत्सव की पूर्व संध्या 1111 दीपों से रोशन होगा सेतू

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

भोपाल- कलचुरि कलार समाज के अराध्य देव भगवान राज राजेश्वर सहस्त्रार्जुन के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर कलचुरी सेना मध्यप्रदेश एवं जनसेवा समिति द्वारा भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम 18 नवम्बर को शाम 5 बजे कोलार रोड स्थित जेके अस्पताल गेट भगवान सहस्त्रबाहु सेतु( ब्रिज) भव्य दीपोत्सव एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजक राजेश राय ने बताया कि इस आयोजन में एलएनसीटी ग्रुप के चेयरमैन जय नारायण चौकसे सहित भोपाल शहर के कलार समाज के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बडी संख्या में शामिल होंगे। 1111 (गयारह सौ ग्यारह ) दीप प्रज्जवलित कर ब्रिज सहित जेके अस्पताल के सामने की सडक को दीपो की रौशनी से रोशन किया जायेगा। इसके बाद श्रद्धालुओं, राहगीरो, एवं सामाजिक बंधुओं को प्रसादी वितरण कर भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।



फाइल फोटो

### कमला नेहरू अस्पताल में अव्यवस्थाएं

## आयोग ने दिए स्वास्थ्य आयुक्त व कलेक्टर को जांच के निर्देश, रिपोर्ट भी तलब




फाइल फोटो

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के पांच मामलों में संज्ञान लिया है। आयोग ने कमला नेहरू अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए परेशान होने के मामले में संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य आयुक्त और कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही मरीजों के लिये आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता में हो रहे विलंब के संबंध में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराकर प्रतिवेदन मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि गैस पीड़ितों के इलाज के लिये संचालित कमला नेहरू अस्पताल में मरीजों व्हील चेयर-स्टेञ्चर पर्याप्त नहीं है। सीसीटीवी कैमरे और लिफ्ट दोनों कही दिनों से बंद है। मरीजो के लिये एम्बुलेंस की सुविधा भी नहीं है। अस्पताल डायरेक्टर का कहना है कि व्यवस्था दुरुस्त कराने की उचित कार्यवाही जारी है।

### इन मामलों में भी लिया संज्ञान

आयोग ने कोहेफिजा इलाके में बीते बुधवार को निर्माणाधीन मल्टी में काम करने वाले एक चौकीदार का शव मिलने, निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर एक 10वीं के छात्र की संदिग्ध हालातों में झुलसने से मौत, हमीदिया अस्पताल में बीते मंगलवार को बदमाश द्वारा अस्पताल में तैनात सिक्योरिटी गार्ड एवं सुपरवाइजर पर ब्लेड से घातक हमला करने और जयप्रकाश अस्पताल में बीते मंगलवार को एक बुजुर्ग को व्हील चेयर ना मिलने से वे गेट से घिसटते-घिसटते हुए एक्स-रे कराने पहुंचने के मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा है।

### युवक ने लगाई भाई संस्था से गुहार

# पत्नी ने पहले पति और मुझे अंधेरे में रखा, अब दोनों को कर रही प्रताड़ित

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**राजधानी में अनोखा मामला सामने आया है। जहां एक युवक ने अपनी पत्नी पर आरोप लगाए हैं कि महिला ने पहले पति और उसे दोनों को अंधेरे में रखा और अब दोनों को ही प्रताड़ित कर रही है। युवक का आरोप है कि उसकी महिला मित्र ने बिना अपने पति को तलाक लिए उस पर दबाव डालकर आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली। अब सरकारी सेवा में कार्यरत एक युवक ने शादी शून्य कराने के लिए अर्जी दी है। इसके साथ ही युवक ने भाई संस्था से संपर्क कर मदद की गुहार लगाई है। हालांकि मामले में काउंसलिंग जारी है और महिला ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इंकार करते हुए उल्टा पति पर प्रताड़ित करने और युवक पर हैरेसमेंट का आरोप लगाया है। कोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक यह मामला बेहद ही उलझन भरा है। बातें, स्पष्ट होने तक प्रकरण विचाराधीन है।**

### मामले में दंपति की काउंसलिंग जारी, पति ने दी शादी शून्य कराने की अर्जी



### महिला के दो बच्चे

युवक ने बताया कि वह कॉलेज के दौर से एक दूसरे को प्यार करते थे, लेकिन नौ साल पहले प्रेमिका की शादी कहीं और हो गई। उसके दो बच्चे भी हैं। प्रेमिका की शादी के बाद उसने अपना पूरा ध्यान करियर पर देना शुरू किया और शासकीय सेवा में उसका चयन हो गया। युवक ने बताया कि महिला को भी इस बात की जानकारी कुछ कॉमन फेंडस से मिली। उसने पहले बधाई संदेश भेजा। फिर बातें और मुलाकातें होने लगी।

### पहले पति से चल रहा है विवाद

युवक के अनुसार, महिला ने बताया कि पति से उसका विवाद चल रहा है और वह भोपाल में अपने मायके में रहकर जॉब कर रही है। महिला ने कहा कि उसका पति से तलाक लगभग तय है और बच्चों की कस्टडी भी पति के पास रहेगी। अब वह एकदम अकेली है। एक साल पहले महिला ने उसपर दबाव बनाया कि उसका तलाक हो चुका है और चूंकि इस दौरान उन दोनों के बीच नजदीकी रही है तो युवक उससे शादी करे।

### पहला पति भी अनजान

दरअसल, युवक के अनुसार, 12 साल पहले दोनों का प्रेम था और वह शादी करना चाहते थे, लेकिन तब संभव नहीं हो पाया। युवक ने कहा कि सालों बाद महिला ने उसे धमकाया। उसे डर था कि महिला गलत आरोप में फंसाकर उसका करियर बर्बाद कर सकती है, इसलिए वह शादी के लिए राजी हो गया था। प्रेमी युवक ने यह भी कहा कि महिला ने बिना तलाक लिए उससे शादी की है, ऐसे में यह शादी मान्य नहीं है। वहीं पहला पति भी अब तक मामले से अनजान था, अब वह भी पत्नी से दूरी बनाए हुए है। पहले पति के अनुसार, पत्नी दो साल पहले नाराज होकर मायके चली गई थी। इस बीच दो-तीन बार वापस आई फिर चली गई, लेकिन दूसरी शादी की उसे जानकारी नहीं थी।

## राजस्थान से भोपाल पहुंचा किशोर, परिजन को सौंपा

**भोपाल।** पढ़ाई से बचने के चक्कर में राजस्थान से निकलकर भोपाल पहुंचे किशोर को उसके परिजन को सौंप दिया गया है। किशोर परिजन को बिना बताए राजस्थान से मुंबई के लिए निकला था, लेकिन वह भोपाल पहुंच गया। जहां रेलवे कर्मचारी की नजर उसपर पड़ी और उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। इसके साथ किशोर को समझाइश दी गई कि उसका इस तरह से घर से निकला उसे मुसीबत में डाल सकता है।

**यह है पूरा मामला :** काउसंलिंग के दौरान किशोर ने कहा कि पिता उसे बार-बार पढ़ने के लिए कहते हैं। वह खेत में काम करने जाता है तो उसे भगा देते हैं। इससे नाराज होकर उसने तीसरी बार घर छोड़ा था। किशोर ने बताया कि पिछली दो बार वह आस-पास के शहर में ही रहने चला गया था, लेकिन घर वालों को उसकी जानकारी मिल गई और दूसरी बार रूम किराए पर लेकर रहने लगा तो पैसा खत्म हो गया इसलिए उसे लौटना पड़ा। इस बार किशोर ने अपने ,एक दोस्त के अकाउंट में पैसा जमा कर दिया था और मुंबई में रहकर काम करने की प्लानिग कर ली थी, जिससे उसे कोई पकड़ नहीं पाए।

### 6 दिसंबर से शुरू होगी परीक्षा, नवंबर माह तक के पाठ्यक्रम से आएंगे प्रश्न

# ९वीं से 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षा का टाइम टेबिल जारी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

लोक शिक्षण संचालनालय ने 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की अर्धवार्षिक परीक्षा की समय सारणी जारी दी गई है।इन कक्षाओं की अर्धवार्षिक परीक्षा 6 दिसंबर से शुरू हो जाएगी। परीक्षा में नवंबर माह तक पढ़ाया गया पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न आएंगे।

डीपीआई ने इस संबंध में विस्तृत आदेश जिला शिक्षा अधिकारी और स्कूल के प्राचार्यो दिए हैं। 9वीं और 10वीं की परीक्षा 6 दिसंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर तक सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित की जाएंगी। इसी तरह 11वीं और 12वीं की परीक्षा 6 दिसंबर से शुरू होकर 16 दिसंबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होंगी। इन्हीं तारीखों के बीच प्राचार्य अपनी सुविधानुसार प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित करा सकेंगे।



डीपीआई की आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव ने स्पष्ट आदेश दिए हैं की परीक्षा तारीखों के बीच यदि शासन द्वारा कोई सार्वजनिक या स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है, तब भी परीक्षाएं अपने निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ही संचालित होंगी, यानी परीक्षा की तारीखों में अब कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

### दस दिनी प्राकृतिक चिकित्सा शिविर शुरू

# प्राकृतिक चिकित्सा से स्वस्थ रहने के गुर सीख रहे साधक

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

आरोग्य केन्द्र में ''रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ, जो दस दिनों तक चलेगा। शिविर में देश में कई हिस्सों से साधकगण अपक्वाहार एवं प्राकृतिक उपचार के साथ-साथ योगा, आयुर्वेदिक उपचार, फिजियोथैरेपी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, शिरोधारा, पोटली मसाज आदि से भी लाभान्वित होने की उम्मीद लेकर आए हैं।

शिविर के पहले दिन शुक्रवार को शिविरार्थियों का पंजीयन एवं परामर्श प्राकृतिक चिकित्सकों द्वारा किया गया। शुरूआत रेजिडेंशियल मेडिकल ऑफिस डॉ दिनेश यादव के व्याख्यान के साथ हुई। यादव ने कहा, शिविर का उद्देश्य है बिना दवा तंदुरूस्ती पाना। इस दस दिवसीय शिविर में आप अपने शरीर का शुद्धिकरण कैसे करें वो सीखेगें। स्वस्थ जीवन प्राप्त करने के लिए एक ही उपाय है अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करना। आप अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करेंगे तो ही आप स्वास्थ्य लाभ पा सकेंगे। आप अपने आप को स्वयं स्वस्थ रख सकते हैं।



### यह गतिविधियां होंगी

प्रातः जागरण एवं नित्यकर्म, नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रातः कालीन व सायंकालीन व्याख्यान सत्र एवं शंका समाधान, ध्यानात्मक क्रियाएँ एवं आनंद मेला। बीमारियो को दूर करने में एनिमा, उपवास, अपक्वाहार, नींद, शुभ चिंतन व ग्रीन जूस को अपनाकर सदैव स्वस्थ रहने की कला समस्त साधको बताई।

### मेट्रो एंकर

### पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं की प्रतिक्रिया



# वोट डालकर पाया, सरकार के काम को सही-गलत कहने का हक

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

विधानसभा चुनाव में पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह रखा। युवक-युवतियों ने कहा, वोट डालकर अब हम भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में हिस्सेदार हो गए हैं। भ्रष्टाचार मुक्त सरकार और प्रदेश का विकास करने वाली सरकार चाहते हैं।

मुकेश ने कहा, अब एक जिम्मेदार नागरिक होने का एहसास हो रहा है। लग रहा है कि हम भी देश की दिशा-दशा निर्धारित करने में भागीदार बन रहे है। मेरा यह पहला मौका था, पहले वोट के साथ संकल्प लिया है, हर चुनाव में वोट जरूर डालूंगा।

सीमा अहिरवार कुछ समय पहले ही वोटर बनी हुई, पहली बार विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए काफी उत्साहित थी। इस दिन का इंतजार कर रही थी। मतदान हमारा कर्त्तव्य भी है, जिसे हम चुनते हैं उसे अपना प्रतिनिधि मानते हैं। निकिता ने कहा, मैंने पहली बार मतदान किया। ऐसा कर बहुत अच्छा लगा। लोकतंत्र में सभी को अपने मत का प्रयोग करना जरूरी है। मत देने वाले को ही किसी भी सरकार के काम पर ऊंगली उठाने का अधिकार होता है, जो वह वोट नहीं देते उन्हे कुछ बोलने का अधिकार नहीं।

सरिका ने कहा, पहली बार मतदान कर बहुत अच्छा लगा। युवाओं पर देश का भविष्य टिका है। इसके लिए अपने वोट का प्रयोग करना भी जरूरी होता है। हर युवा वर्ग को 18 वर्ष आयु होते ही वोट बनाना चाहिए। मैं पहली बार मतदान करने आई हूं। जब से वोट बनाया है।

उर्मिला ने कहा, पहली बार मतदान करके मुझे बड़ी प्रसन्नता हो रही है और मैं गौरव का अनुभव कर रही हूं कि सरकार बनाने में मेरी भी भागीदारी है। मैं चाहती हूं कि बनने वाली सरकार भ्रष्टाचार मुक्त हो और प्रदेश का विकास करने वाली हो।

### इव्हीएम की धीमी गति से वोटर हुए नाराज

हुजूर विधानसभा क्षेत्र के संत हिरदाराम नगर में इव्हीएम मशीनों के धीमी गति से काम करने की शिकायत कई मतदान केन्द्रों पर रही। संतनगर, गांधीनगर और लालघाटी इलाके में 104 बूथों पर मतदान की प्रक्रिया पूरी हुई। हुजूर विधानसभा के बैरागढ़ (संतनगर) क्षेत्र में गणेश विद्या मंदिर क्रमांक 68 में फर्जी मतदान की कांग्रेस ने शिकायत की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। इसको लेकर कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी मौके पर पहुंचे और उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को फोन कर शिकायत दर्ज कराई।







## पुरानी जेल में बंद उम्मीदवारों की किस्मत

भोपाल जिले की विधानसभा सीटों पर हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को भोपाल की पुरानी जेल में रखने का सिलसिला सुबह तक चला। अब तीन नवम्बर तक यहां रखी ईवीएम मशीनों की सुरक्षा चौबिसों घंटे की जाएंगी। इसके लिए अमला तैनात कर दिया गया है।

### बढ़े मत प्रतिशत को लेकर दोनों के दावे

# मतदान के बाद आंकड़ों से अनुमानों में जुटे भाजपा और कांग्रेस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में विधानसभा चुनाव के मतदान में सामने आये प्रतिशत के बाद भाजपा और कांग्रेस में गुणभाग के दौर चल रहे हैं। कल रात से शुरू हुए इस क्रम में आज भी वरिष्ठ नेताओं के बीच मत प्रतिशत व क्षेत्रवार आंकडों का विश्लेषण चल रहा है। मप्र की सभी 230 सीटों के लिये मतदान हो गया है,हालांकि अंतिम मत प्रतिशत सामने आने में शाम तक का वक्त लग सकता है। लेकिन मोटे तौर पर यह माना जा चुका है कि मप्र में 76फीसद वोट पड़ा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद ने शांतिपूर्ण मतदान पर चुनाव आयोग तथा पुलिस प्रशासन को बधाई दी है। उन्होने प्रदेश के सभी क्षेत्रों में व्यवस्थित मतदान के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और पार्टी हितचिंतकों का आभार व्यक्त किया है। शर्मा ने कहा कि जिस तरह प्रदेश के मतदाताओं ने मतदान के लिए उत्साह दिखाया और लोकतंत्र में जागरूकता का परिचय दिया उससे भारतीय लोकतंत्र समृद्ध हुआ है। यह प्रदेश में पिछले दो दशक के दौरान हुए विकास कार्यों का प्रमाण है। विकास और सुशासन से प्रदेश की जनता अभिभूत है। शर्मा के इतना व्यापक मतदान, जनता का आशीर्वाद जो मिला है, उसका बड़ा कारण पार्टी द्वारा चलाए गए मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोदी अभियान को जाता है।






### बढ़े मतदान का संकेत साफः नाथ



**कमलनाथ** ने कहा है कि मतदाताओं में जिस उत्साह से मतदान में भाग लिया और पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए करीब 75त्र से अधिक मतदान किया, वह ऐतिहासिक है। बढ़े हुए मतदान ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि मध्य प्रदेश की जनता इस बार बड़े बदलाव के लिए मतदान कर चुकी है। 2018 में मध्य प्रदेश की जनता ने करीब 75 प्रतिशत मतदान करके बदलाव की नींव रख दी थी। लेकिन बाद में भाजपा ने खरीद फरोख्त से सत्ता अपने हाथ में ली। भाजपा के इस तरह के लोकतंत्र विरोधी इरादों को जड़ से समाप्त करने के लिए मध्य प्रदेश की जनता ने 2018 के मतदान के रिकॉर्ड को भी पीछे करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### कांग्रेस-भाजपा के कंट्रोल रूम रहे सक्रिय



मतदान के दौरान कांेस और भाजपा के कन्ट्रोल रूम काफी सक्रिय रहे। **विष्णुदत्त शर्मा** ने पार्टी नेता व अधिवक्ताओं की टीम के साथ प्रदेश के विभिन्न विधानसभाओं से आई शिकायतों को सुना। प्रदेश कार्यालय में कंट्रोल रूम में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मनोज द्विवेदी के साथ 20 से अधिक अधिवक्ताओं ने प्रदेश भर से आयी शिकायतों को चुनाव आयोग तक पहुंचाया। वहीं कांग्रेस मुख्यालय में कमलनाथ व दिग्विजय सिंह ने लंबे वक्त तक बैठकर कई क्षेत्र में अपने नेताओं से बात की और गडबडी की शिकायत मिलने पर अफसरों से भी बात की।

# केवी कर्मचारियों की पदास्थापना आचार संहिता में उलझी, तारीख बढ़ाने की मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सीधी भर्ती एवं प्रमोशन वाले कर्मचारी शिक्षकों की पदस्थापना हेतु लास्ट डेट बढ़ाई जाने की मांग केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की सहायक आयुक्त एवं प्रभारी उपयुक्त रानी डांगे ने केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली स्थापना के सहायक आयुक्त को पत्र लिखकर की है।

प्रभारी उपायुक्त रानी डांगे ने लिखा है कि, वर्तमान में मध्यप्रदेश राज्य में विधानसभा निर्वाचन/चुनाव संबंधित कार्य प्रक्रियाधीन होने से राज्य में आचार संहिता लागू होने के साथ ही राज्य में स्थित केन्द्रीय विद्यालयों में कार्यरत कार्मिकों की भी निर्वाचन से संबंधित विभिन्न कार्यों में डयूटी लगी हुई है। विद्यालयों से प्राप्त जानकारी अनुसार 5 दिसंबर तक आचार संहिता लागू है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन (मुख्यालय), नई दिल्ली द्वारा सीमित विभागीय परीक्षा 2022 के माध्यम से विभिन्न शैक्षणिक श्रेणियों में शिक्षकों को उच्च पद पर चयनित किया जाकर पदोन्नति सह पदस्थापना आदेश जारी किये गये हैं। साथ ही इस संभाग के साथ ही अन्य संभागों द्वारा भी सीधी भर्ती के अन्तर्गत चयनित अभ्यार्थियों को नवनियुक्ति पर नियुक्ति प्रस्ताव भी जारी किये गये हैं, जिसमें से कई शिक्षक और कर्मचारी वर्तमान में केन्द्रीय विद्यालय संगठन में ही विभिन्न संभागों में कार्यरत हैं। कार्यभार ग्रहण करने 7 दिन समयावधि ब?ाई जाए, ताकि संबंधित कार्मिक बिना किसी कठिनाईयों के नवीन पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण कर सके।

# 20 तक पूरी करनी होगी टैबलेट खरीदी प्रक्रिया

### राज्य शिक्षा केंद्र ने लगाई थी जिलों को फटकार, समय अवधि में कार्य पूर्ण करने का दिया था अल्टीमेटम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में करीब एक साल से चल रही टेबलेट खरीदी की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। इसके चलते राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) ने सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को फटकार लगाई है। आरएसके ने एक और मौका देते हुए 20 नवंबर तक अनिवार्य रूप से टैबलेट खरीदने के निर्देश दिए हैं। आरएसके ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सरकारी स्कूलों में पदस्थ सभी व्याख्याता, उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय के उच्च श्रेणी शिक्षक, माध्यमिक शिक्षक के द्वारा 20 नवंबर तक टेबलेट खरीद लिए जाएं। नवंबर माह की स्थिति में कुल लक्ष्य 44 हजार के विरुद्ध पंजीयन एवं क्रय की स्थिति काफी न्यूनतम है। वर्तमान स्थिति के अनुसार 32,334 पंजीयन हुए हैं। प्रतिपूर्ति जमा 23,334 बीआरसी द्वारा तकनीकी सत्यापन 21,435 और रिम्बर्समेंट कार्यवाही पूर्ण 16 हजार की हुई है।

# तीन भाजपा उम्मीदवार भी दक्षिण पश्चिम के मतदाता, पहुंचे वोट देने





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जिले सात में से तीन विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के मतदाता हैं और इन्होंने यहां मतदान भी किया। दरअसल हुजूर से भाजपा प्रत्याशी रामेश्वर शर्मा, नरेला से भाजपा प्रत्याशी विश्वास कैलाश सारंग और गोविंदपुरा से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर ने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला। वहीं दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भगवानदास सबनानी, बैरसिया से भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने हुजूर क्षेत्र में मतदान किया। वहीं दक्षिण-पश्चिम से कांग्रेस उम्मीदवार पीसी शर्मा मध्य क्षेत्र में वोट डाला।

मध्य से कांग्रेस प्रत्याशी आरिफ मसूद शाहजहांनाबाद उत्तर विधानसभा क्षेत्र में मतदान किया। उत्तर से कांग्रेस प्रत्याशी आतिफ अकील लक्ष्मी टाकीज क्षेत्र निवासी हैं, जो मध्य विधानसभा क्षेत्र में आता है। उन्होंने वहां मतदान किया।

भोपाल में मतदान के लिये 20 लाख 87 हजार 32 मतदाता हैं और इनके लिये 2049 मतदान केंद्र बनाए गए। बताया जाता है कि भोपाल जिले में करीब 66 फीसदी मतदान हुआ है, जो पिछ्ले बार के लगभग बराबर है। इसमें सबसे ज्यादा बैरसिया विधानसभा में 78 फीसदी और सबसे कम दक्षिण पश्चिम में 53 फ़ीसदी मतदान हुआ है।

## भजन गाकर कर्मचारी मतदाताओं का स्वागत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र कर्मचारी मंच की अपील पर प्रदेश के 7~50 लाख कर्मचारियों एवं डेढ़ लाख अनियमित कर्मचारियों ने परिवार के सदस्यों के साथ पहले मतदान फिर जलपान के नारे के साथ उत्साह मतदान किया। कर्मचारी मतदाताओं का मतदान करने पर भजन गाकर स्वागत किया गया। मंच ने दावा किया है कि कर्मचारी वर्ग एवं उसके परिवार ने बड़ी संख्या में शत प्रतिशत मतदान किया है। प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रदेश के 54 जिलों में कर्मचारियों ने 2018 के चुनाव के मुकाबले 2023 के चुनाव में ज्यादा मतदान किया है। कर्मचारियों ने कर्मचारी हितेषी सरकार बनाने के लिए मतदान किया है। कर्मचारी मंच ने 5 नवंबर से लेकर 16 नवंबर तक मतदान महादान अभियान चलाकर कर्मचारियों को जागरूक किया था कर्मचारियों कोपरिवार सहित शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई थी



## सुविचार

`` समय बहाकर ले जाता है
नाम और निशां
कोई `हम' में
रह जाता है
तो कोई `अहम'
में ''

-अज्ञात

## संपादकीय

# मुलाकातें होती रहें

हाल में अमेरिका व चीन के राष्ट्रपतियों के बीच मुलाकात हुई। हालांकि भारत से यह हजारों मील दूर की घटना है लेकिन भारत का इससे भी अपरोक्ष वास्ता भी है। दरअसल दुनिया की महाशिक्तयों के बीच महाशक्ति बन रहे भारत के बहुत सारे मसले दोनों देशों से जुड़े हुए हैं और अब तक यह दोनो देश एकदूसरे के प्रति बहुत तल्ख ही नजर आये हैं। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात कई वजहों से अहम मानी जा सकती है। अव्वल तो इसने दुनिया के मौजूदा तनावपूर्ण माहौल पर पानी के छींटे मारने का काम किया है। दूसरी बात यह कि दुनिया के दो सबसे ताकतवर देशों के प्रमुखों की इस मुलाकात के दौरान कूटनीतिक संतुलन साधने की कुशलता अपने बेहतरीन रूप में नजर आई। दोनों नेता ऐसे समय में मिल रहे थे, जब दुनिया रूस-यूक्रेन और इस्राइल-हमास युद्ध की दोहरी चुनौतियों से जूझ रही है और दोनों ही मामलों में चीन और अमेरिका की सहानुभूति परस्पर विरोधी खेमों के साथ जुड़ी है। जहां अमेरिका खुलकर यूक्रेन का साथ दे रहा है, वहीं चीन रूस का साथ छोड़ने को तैयार नहीं है। दूसरी ओर, अमेरिका इस्राइल के आत्मरक्षा के अधिकार का मुखर प्रवक्ता बना हुआ है तो चीन गाजा में नागरिक आबादी पर हमले की निंदा करने में आगे है। इन तात्कालिक मुद्दों के अलावा भी पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच आर्थिक मुद्दों पर दूरी इतनी बढ़ गई कि उसे दुनिया की दो सबसे बड़ी इकॉनमी के बीच ट्रेड वॉर कहा गया। साउथ चाइना सी और ताइवान जैसे मसलों पर चीनी आक्रामकता और उस पर रोक लगाने की कोशिशें तो अपनी जगह थीं ही। इन सबके कारण दोनों पक्ष आपसी दूरी को कम करना जरूरी समझ रहे थे। जैसा कि मुलाकात के बाद जारी बयान में संकेत दिया गया कि 'ताइवान, टेक्नॉलजी, साउथ चाइना सी या रूस को चीनी सहायता जैसे मसलों पर तनाव को बढ़ने देने से उसके संघर्ष का रूप लेने का खतरा' है। इसी खतरे को टालने की दिशा में एक ठोस प्रगति यह हुई कि बैठक में सर्वोच्च स्तर पर बातचीत का चैनल हमेशा खुला रखने का फैसला किया गया। तय हुआ कि जब भी जरूरत होगी दोनों राष्ट्रपति फोन पर एक-दूसरे से बात कर लिया करेंगे। ऐसे संकेत मिले कि खास तौर पर आर्थिक मसले पर दोनों देशों के बीच पिछले कुछ वर्षों में उभरे मतभेद आने वाले समय में कुछ कम होते दिखेंगे। मगर इस बीच अंतरराष्ट्रीय सामरिक समीकरण जो रूप ले चुके हैं उसे देखते हुए न तो ये दोनों देश एक-दूसरे के ज्यादा करीब आ सकते हैं और न ही ऐसा परसेप्शन बनने दे सकते हैं। इस बात को लेकर सतर्कता भी चार घंटे चली इस मुलाकात के दौरान साफ नजर आई। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन अच्छे मेजबान की भूमिका में रहे और यह बताया कि कैसे शी चिनफिंग के साथ उनके बरसों पुराने रिश्ते हैं, लेकिन उन्हें पुराना दोस्त बताने की रवायत से सचेत रूप में बचे रहे। यही नहीं, इस मुलाकात के कुछ घंटे के अंदर ही मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए शी चिनफिंग को तानाशाह बताने वाला अपना पुराना बयान भी दोहरा दिया। साफ है कि दोनों महाशक्तियों के रिश्तों के समीकरणों में तत्काल कोई नाटकीय बदलाव नहीं आ सकता,लेकिन दुनिया को युध्द से बचाने और शांति के साथ विकास की दरकारों के बीच ऐसी मुलाकातों का सिलसिला चलता रहे तो जरूर बर्फ पिघल सकती है।

## निशाना

### चल रही तलाश !



-कृष्णेन्द्र राय

बनें नए समीकरण ।
चल रही तलाश ।।
लाना अलग चेहरे ।
जगी ऐसी प्यास ।।
करना सब नवीन है ।
आए नई बहार ।।
चाह रहे हम करने को ।
जनता पर उपकार ।।
किए यदि सुधार ।
तय मिलना है फल ।।
कार्यकर्ताओं को ।
मिल जाए कुछ बल ।।
रणनीति ही ऐसी ।
है हमने बनाई ।।
उब गए हैं हम ।
हुई जो जगहंसाई ।।

## आज का इतिहास

- **महाराजा** जय सिंह द्वितीय ने 1727 में जयपुर शहर की स्थापना की थी।
- **फ्रांस** और आस्ट्रिया के बीच 1738 में शांति समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
- **पेशवा** माधवराव प्रथम के छोटे भाई नारायणराव ने 1772 में गद्दी संभाली।
- **इतिहास** में 1918 को यूरोप स्थित लातविया देश ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- पहली बार वॉल्ट डिजनी कंपनी का मैस्कॉट स्टीमबोट विली 1928 में नजर आया. जिसका नाम मिकी माउस पड़ गया।

# केंद्रीय राजनीति और नई सरकार के गठन में प्रभावहीन रहने वाली है दक्षिण की सियासत



**आर. राजगोपालन**

यदि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव और दक्षिण भारतीय राजनीति का गहन विश्लेषण किया जाए, तो दो तथ्य सामने आते हैं। पहला, दक्षिण भारत के छह राज्यों में लोकसभा चुनाव के नतीजे केंद्र में नई सरकार के गठन के लिए प्रमुख कारक नहीं बनेंगे। दूसरा, इन छह राज्यों में लोकसभा चुनाव का नतीजा मिला-जुला और विभाजित रहेगा।

वर्ष 2019 से दक्षिण भारत के इन छह राज्यों में कई नए चेहरे उभरकर आए हैं। आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में आध्यात्मिक एवं सिनेमा जगत का प्रभाव राजनीति पर रहा है। आंध्र प्रदेश के पवन कल्याण और तमिलनाडु के जोसेफ विजय राजनीति के नए चेहरे हैं, जो सिनेमा की पृष्ठभूमि से आए हैं। दक्षिणी राज्यों की राजनीति बिल्कुल स्पष्ट है। इन छह राज्यों में लोकसभा चुनाव का नतीजा बंटा हुआ हो सकता है। बेशक राज्य स्तरीय दलों का कहना है कि दक्षिण की राजनीति में क्षेत्रीय क्षत्रप हावी हैं, लेकिन कांग्रेस या भाजपा का पूरी तरह सूपड़ा साफ नहीं होगा। तमिलनाडु एवं कर्नाटक को छोड़ दें तो, दक्षिण भारत के छह राज्यों में से बाकी चार राज्य एक-दूसरे से पूरी तरह अलग हैं। आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना, दोनों तेलुगू भाषी राज्य हैं, लेकिन तेलंगाना काफी आक्रामक है। पुदुचेरी और केरल की राजनीति भी अपनी तरह से चरम पर है। आइए, सबसे पहले बात करते हैं तमिलनाडु की। इस राज्य में 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बड़ा आश्चर्य होने वाला है। द्रविड़ राजनीति तेजी से खत्म हो रही है और यह तमिलनाडु के 2024 के नतीजों में दिख सकता है। तमिलनाडु के राजनीतिक इतिहास में पहली बार तीन नए चेहरे 2026 में होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के विजेता का भाग्य तय करेंगे। द्रमुक और अन्नाद्रमुक के अलावा ये तीन नए चेहरे कौन हैं? भाजपा नेता के अन्नामलाई, नाम तमिलर काची के नेता और पूर्व अभिनेता सीमन और तीसरे हैं सिनेमा जगत के मिनी सुपरस्टार जोसेफ विजय। ये तीनों चेहरे पहली या दूसरी बार के मतदाताओं को रिझाएंगे। ये तीनों द्रविड़ पार्टियों से 25 से 30 फीसदी वोट छीन सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में ये अगर इसमें सफल नहीं भी रहे, तो 2026 के विधानसभा चुनाव में तो निश्चित ही ये ऐसा करने वाले हैं। तमिलनाडु में करुणानिधि और जयललिता जैसी कद्दावर शख्सियतों की कमी महसूस की जा रही है। यह स्थान कौन भरेगा? क्या नरेंद्र मोदी या भाजपा के राष्ट्रवादी दृष्टिकोण वाला कोई व्यक्ति या राहुल गांधी के समर्थन से मल्लिकार्जुन खरगे। यह ठीक है कि राजग से अन्नाद्रमुक के बाहर निकलने के बाद अन्नाद्रमुक द्वारा कांग्रेस को गठबंधन का प्रस्ताव दिया जा रहा है, लेकिन गठबंधन में पार्टी बदलने का इतना अहम फैसला संभव नहीं है। इसके लिए दिसंबर के पहले हफ्ते में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार करना होगा। लेकिन दिसंबर, 2023 से फरवरी, 2024 के बीच मात्र तीन महीने का समय रहता है, इसलिए गठबंधन में छेड़छाड़ या बदलाव नहीं किया जा सकता है।

आंध्र प्रदेश का राजनीतिक संघर्ष भी दिलचस्प है, जहां जगन रेड्डी अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार करने का उनका राजनीतिक निर्णय और समय इतना सही था कि जगन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस एक शक्तिशाली पार्टी के रूप में उभरी। तेलुगू देशम पार्टी के नेता नायडू ने मोदी से माफी मांगने के बजाय मोदी और भाजपा के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया। आंध्र प्रदेश की राजनीति का भविष्य दो चेहरों के बीच बंटा हुआ है-एक हैं नरेंद्र मोदी और दूसरे हैं चंद्रबाबू नायडू। जाहिर है, जगन रेड्डी राज्य की राजनीति के केंद्र में हैं। कांग्रेस वहां कोई ताकत नहीं है, क्योंकि उसने एक दशक पहले राज्य को दो भागों में बांट दिया था। तेलंगाना में कांग्रेस की पकड़ है, लेकिन उसकी जगह को हड़पने की कोशिश में भाजपा लगी हुई है। बीआरएस के कद्दावर नेता को परास्त करने के लिए भाजपा के शीर्ष नेता लगातार तेलंगाना का दौरा कर रहे हैं।

केरल में माकपा एक प्रमुख ताकत है। लेकिन मुख्यमंत्री विजयन अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस से कैसे निपटेंगे? माकपा और वाम मोर्चा केरल में कांग्रेस को खत्म करना चाहते हैं। राहुल गांधी केरल के वायनाड से सांसद हैं। माकपा के दिग्गज नेता अच्युतानंदन ने कहा कि राहुल गांधी को माकपा 2024 के चुनाव में हरा देगी। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि कट्टर कांग्रेसी नेता माकपा की ओर रुख कर रहे हैं। इन सबके बीच क्या भाजपा के लिए 2024 में कोई जगह बनेगी ? इस सवाल का जवाब संदिग्ध है।कर्नाटक कांग्रेस के लिए अहम राज्य है, लेकिन क्या मुख्यमंत्री 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित कर पाएंगे। जोरदार तरीके से इसका उत्तर 'नहीं' है। पार्टी के भीतर ही मुख्यमंत्री के कट्टर दुश्मन मौजूद हैं। राज्य कांग्रेस के चार गुट हैं, जो लोकसभा चुनाव से पहले सिद्धारमैया को अपदस्थ करना चाहते हैं। कर्नाटक में खरगे और गांधी परिवार की परीक्षा होने वाली है। जनता दल (एस) ने बेहद चतुराई से लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा से गठबंधन कर लिया है। जनता दल (एस) की ओर से कांग्रेस सरकार गिराने की कोशिशें हो रही हैं। चाहे जिस भी तरीके से आप देखें, कर्नाटक की 28 लोकसभा सीटें नई दिल्ली में सरकार गठन के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस से मतदाताओं की निराशा के कारण भाजपा को अधिक फायदा मिलना तय है।

संक्षेप में कहें तो, या तो राहुल गांधी या नरेंद्र मोदी दक्षिण भारत की बंटी हुई राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन एक बात तय है कि अगले एक दशक में भाजपा दक्षिण भारत के चार प्रमुख राज्यों-तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में अपनी मजबूत पकड़ बनाने का दावा कर सकती है। पहली बार के मतदाता, जो 2002 में पैदा होने के बाद से नरेंद्र मोदी युग में जी रहे हैं, उन्होंने डिजिटल क्रांति देखी है। वर्ष 2024 का फैसला डिजिटल युवाओं के वोट बैंक, खासकर महिलाओं के वोट बैंक द्वारा होने वाला है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

### आखिर समाज को जातियों में क्यों बाँटना चाहती है राजनीति

# अयोध्या में 22.23 लाख दीप जलाने लाखों लोग आये : किसी ने जाति न पूछी

**रमेश शर्मा**

अयोध्या सरयूतट पर दीपोत्सव का कीर्तिमान बना । लाखों लोगों ने 22.23 लाख द्वीप जलाये । उधर दक्षिण भारत स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर में दीपावली के तीन दिनों में पौने दो लाख लोग दर्शन केलिये पहुँचे। पर किसी ने किसी से जाति नहीं पूछी । यनि समाज या धर्म स्थलों में जाति का महत्व नहीं है । फिरभी कुछ राजनैतिक दल समाज में जातीय आधारित जनगणना करने पर जोर दे रहे आखिर जातीय बँटवारा करने का उद्देश्य क्या है ? इस वर्ष पाँच दिवसीय दीपावली उत्सव के समापन पर दो प्रकार के समाचार मीडिया की सुर्खियों में रहे । एक दीपावली उत्सव की समीक्षा बाजार और धर्म स्थलों की एवं दूसरी इन पाँच दिनों में राजनेताओं की सभा वक्तव्य का विषय । सबसे बड़ा समाचार अयोध्या से आया । वहाँ सरयूतट पर दीपदान का विश्व कीर्तिमान बना। अयोध्या में जैसे जैसे रामजन्म भूमि मंदिर की पूर्णतः की तिथि समीप आ रही है वैसे वैसे उत्साह नई अंगड़ाइयाँ ले रहा है । मानो नवीनता स्वयं आकर पूरे नगर का नया श्रृंगार कर रही है । इसी उमंग और अभूतपूर्व उत्साह के साथ अयोधया में इस वर्ष दीवाली आई । अयोध्या वासियों के इसी उत्साह ने सरयूतट पर दीपोत्सव का कीर्तिमान बनाया । पूरी अयोध्या मानों दीपदान केलिये उमड़ आई थी । लाखों परिवार पहुँचे। सबका स्वरूप एक था । धनवान, निर्धन, बूढ़े, युवा और बालक वृंद सब एक भाव में। सबके हृदय में राम और हाथों में दिये थे । यह राम भक्ति की शक्ति थी सब शाँत और स्वयं अनुशासित। कोई धक्का मुक्कि नहीं। सब एक दूसरे का सहयोग करते अपना दीप प्रवाहित करते और दूसरे के दिये की जल प्रवाह यात्रा देखते हुये ये सभी दृश्य मीडिया में आये । कौन मंहगे आभूषण या वस्त्र पहने था अथवा किस के वस्त्र पुराने और जीर्ण थे । इस पर किसी का ध्यान नहीं । सबसे महत्वपूर्ण बात किसी ने किसी की जाति नहीं पूछी सबने अपने दीप की लौ से दूसरे का दीप जलाने में सहयोग किया । सब एकरूप, सब समरूप थे ।

दीपावली पर यह दृश्य उत्तर भारत का है । इसी दीपावली पर दक्षिण भारत में तिरूपति बालाजी मंदिर का दृश्य देखिये । वहाँ दीवाली उत्सव 11,12 और 13 नवम्बर के तीन दिन में लगभग पौने दो लाख श्रृद्धालुओं ने दर्शन किये । वहाँ भी किसी ने किसी की जाति नहीं पूछी । तिरूपति में बालाजी के दर्शन हों या अयोध्या में दीपदान सब एक दूसरे के कंधे से कंधा मिलाये आगे बढ़े थे। सब साथ साथ चलते हुये दिखे । परस्पर बातचीत और सहयोग करते हुये दिखे । अयोध्या और तिरूपति बालाजी के इन दृश्यों और आंकड़ो के साथ दीपावली पर भीड़ का एक आंकड़ा और उत्तराखंड से आया । बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ दर्शन करने वालों का । इस वर्ष का आकड़ा एक करोड़ के समीप पहुँचा । ये लोग देश भर से पहुँचे थे । हर भाषा के, हर बोली के और हर जाति के । सबने एक दूसरे का सहयोग किया, ठंड के वस्त्र ही नहीं भोजन की वस्तुओं का आदान-प्रदान भी हुआ । पर किसी ने किसी से जाति नहीं पूछी । तीर्थ मार्ग कितनी दुकानें फूल प्रसाद और खाद्य पदार्थ विक्रय की थीं। भोजन सामग्री खरीदते समय पर भी किसी ने किसी की जाति नहीं पूछी । यदि तीर्थ यात्रियों से अलग हटकर पूजन भोजन सामग्री विक्रेताओं की बात करें तो उनमें हर समाज और हर जाति के लोग हैं। जाति ही नहीं अन्य धर्मावलंबी दुकानदार भी थे । पर किसी को किसी से कोई परहेज न था । एक आस्था के साथ, एक भाव के साथ सब लोग पहुँचे थे और उसी के साथ लौटे । यह है भारत के समाज जीवन का समरस स्वरूप जिसके दर्शन सदैव होते हैं और इस दीपावली पर भी हुये ।

यदि दीपावली के इन आकड़ों और दृश्यों को ध्यान में रखकर अन्य तीर्थ स्थलों जैसे वैष्णों देवी, रामेश्वरम्, मथुरा, काशी, औंकारेश्वर, बालाजी, जगन्नाथ जी, सोमनाथ, द्वारिका, वैजनाथ धाम, त्रियम्केश्वर, गयाजी, प्रयाग स्नान, सहित विभिन्न देवीधाम को देखें और पूरे वर्ष आने वाले तीर्थ यात्रियों



को जोड़े तो यह तीर्थों के समागम का यह आकड़ा केवल एक वर्ष में दस करोड़ के आसपास बैठता है । इस वर्ष 2023 में दीपावली तक अकेले वैष्णों देवी पहुँचने वाले तीर्थ यात्रियों की संख्या 90 लाख हो गई है । इस वर्ष कितने लोगों ने नर्मदा परिक्रमा की, गोवर्धन परिक्रमा की । ये सब आँकड़े भी समाचार पत्रों में प्रकाशित हुये हैं। पर कभी किसी तीर्थ से यह समाचार कभी नहीं आया कि किसी तीर्थयात्री ने अपनी पूजन या भोजन की सामग्री क्रय करने से पहले दुकानदार से, दर्शन की कतार में अपने पास लगे किसी श्रद्धालु से, या दर्शन के लिये प्रभु प्रतिमा के सामने पहुँचे किसी श्रृद्धालु से किसी पुजारी ने जाति पूछी हो । अब इसी दीपावली बाजार का दृश्य देखें। बाजार ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़े । स्वर्णाभूषण, वस्त्र, वर्तन, भवन मकान, ही नहीं खाने के खील बताशे से लेकर मिठाइयाँ भी खरीदी गई पर कहीं किसी खरीददार ने दुकानदार से जाति पूछ्कर सामान न खरीदा । अनुमान है इस दीपावली पल बाजार की खरीदारी से लेकर देव दर्शन तक लगभग चालीस करोड़ लोगों की सहभागिता रही । विद्युत सज्जा आदि में ही नहीं अन्य खाद्य सामग्री विक्रय में सभी जातियों के लोग ही नहीं सभी धर्मों के लोग सहभागी रहे । पर किसी भारतीय जन ने, किसी दिवाली मनाने वाले ने न किसी से जाति पूछी और न धर्म पूछा । यह है भारत के समाज जीवन का समरस स्वरूप ।

तब प्रश्न उठता है कि यदि भारतीय समाज समरस है तो यह जातीय विवरण पर कौन जोर दे रहा है । इसका उत्तर सरकार और राजनीति के आसपास मिलेगा । समाज तो जाति नहीं पूछता । न मंदिर में न बाजार में। पर सरकार और राजनीति कदम कदम पर जाति पूछती है । बच्चे को विद्यालय में प्रवेश कराते समय, छात्रवृत्ति का निर्धारण करते समय अथवा किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने में जाति पूछ्कर ही निर्णय होता है । स्वतंत्रता के समय भले गाँधी जी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, बाबा साहब अंबेडकर, डाक्टर राम मनोहर लोहिया, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ही नहीं बाद की पीढ़ी में श्रीमती इंदिरा गांधी, अटल विहारी बाजपेई आदि सभी नेताओं ने जातीय आधारित जनगणना को भारत की विकास गति के विरुद्ध बताया किन्तु अब कुछ राजनैतिक दल जातीय आधारित जनगणना करने और इसके लिये पूरे देश में जातीय भावना प्रबल करने का मानों तूफान उठा रहे है । यह प्रचार अभियान इस सीमा तक आ गया है कि यदि व्यक्तिगत अपराध की कोई घटना घटी तो उसे जाति से जोड़कर समाज में दूरियाँ बनाने का प्रयास होता है । हाल ही एक सभा में एक नेता ने मध्यप्रदेश के संदर्भ में यह आकड़े भी बताये कि किस जाति के सबसे कम अफसर हैं। प्रश्न यह नहीं है कि नेता जी ने जो आकड़े बताये और सोशल मीडिया पर जो आकड़े प्रचारित किये जा रहे हैं उनका स्त्रोत कितना वैधानिक है और वे कितने सत्य हैं पर इससे समाज जीवन में एक अदृश्य विभाजन रेखा तो आकार लेने लगी है । हर व्यक्ति के मन में यह बिठाने का प्रयास हो रहा है कि उसकी जाति की उपेक्षा हुई है, विकास के जो अवसर मिलना चाहिए थे वे नहीं मिले और इसका कारण जातीय आधारित जनगणना न होना है ।

यूँ तो यह वातावरण पूरे देश में बनाने का प्रयास हो रहा है पर उन पाँच राज्यों में प्रचार अधिक है जहाँ विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। इनमें तीन हिन्दी भाषी राज्य हैं। ये तीन राज्य मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान हैं। जातीय जनगणना की महत्ता इन तीन राज्यों में अधिक समझाई जा रही है । मीडिया ने तो इससे एक कदम आगे बढ़कर समीक्षा कर डाली । जो विवरण दिये उनमें जाति ही नहीं उपजाति और उपजाति की भी उपजाति के आकड़े दे दिये । जैसे ओबीसी में कितने यादव, कितने रघुवंशी और कितने लोधी हैं । या अनुसूचित जाति में कितने जाटव कितने अहिरवार और कितने बाल्मीकि समाज से हैं आदि । भारत निसंदेह कुछ राजनैतिक दलों का यह जातीय स्वरूप पर जोर देना और दीपावली पर स्पस्ट हुये भारतीय समाज जीवन का स्वरूप दोनों की मूल पिण्ड में अंतर है । समाज समरस रहना चाहता है और राजनीति समिज को जातियों में विभाजित करना चाहती है । किसी भी परिवार, समाज और राष्ट्र का सशक्तिकरण सदैव समरस एवं संगठित स्वरूप से होता है । विभाजन से परिवार और समाज ऊँचाई के रास्ते पर कभी नहीं जाता । विभाजन का यह सूत्र ही अंग्रेजी शासन की शक्ति था । ÷डिवाइड एण्ड रूल÷ । विभाजन के विदेशी षड्यंत्रों के चलते भारत ने कितनी त्रासदियाँ झेली हैं। उनका विवरण इतिहास के पन्नों में भरा पड़ा है । फिर भी कुछ राजनैतिक शक्तियाँ भारतीय समाज में जातीय विभाजन का एजेण्डा चला रहीं हैं। सामाजिक विभाजन की इस राजनीति के पीछे कौन है और यह किसका हित संवर्धन करेगी ? इस प्रश्न का उत्तर भविष्य के गर्भ में है ।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

मतदान प्रारंभ से लेकर समाप्ति तक अविराम मतदान केंद्रों पर देखी व्यवस्थाएं

# कलेक्टर व एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का सघन दौरा



**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन के लिये शुक्रवार को जिले के 1187 मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ सिंह ने होशंगाबाद विधनसभा के तिलक भवन, एसएनजी, एनएमवी, शासकीय प्राथमिक शाला कोठी बाजार, पीआईयू कार्यालय सहित अनेक मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं एसपी ने मतदान प्रारंभ से लेकर समाप्ति तक बिना रुके मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होने सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत मतदान केंद्र ग्राम गुर्जरवाडा, मानागांव, नयामाना, नया चूरना, नयाधाई, खारदा,किसनपुर ,लखनपुर , रानीगोहन , रेवा बनखेड़ी आदि अनेक मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखा जाए तथा मतदान के लिये आये मतदाताओं को कोई परेशानी न हो।

## 2 साल में भी नहीं लगे टॉवर, पुलिस की वायरलेस सेट व्यवस्था से मिली सहायता

# शैडो एरिया के छह मतदान केंद्र पर लगाए रनर जो 3 किमी दूर रेंज पॉइंट जाकर देते थे मतदान प्रतिशत की जानकारी



सिवनी मालवा ग्राम बारासेल का रनर 2 किलोमीटर दूर नेटवर्क पॉइंट पर जाकर मतदान के प्रतिशत की जानकारी देता हुआ



**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

सतपुड़ा अंचल के शैडो एरिया के 6 मतदान केन्द्र पर अतिरिक्त रनर लगाकर हो रहे मतदान के प्रतिशत की जानकारी कंट्रोल रूम को देते रहे, हालांकि मुस्तैद पुलिस विभाग ने छह केन्द्र पर वायरलेस की सुविधा उपलब्ध करा रखी थी जो पुलिस कंट्रोल रूम को मतदान प्रतिशत और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दे रहे थे। इस दौरान नेटवर्क सुविधा के लिए लगाए गए टावर मात्र शोपीस बने रहे ।

पिछले 2 साल से आदिवासी अंचल के शैडो एरिया में टावर लगाकर नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराई जाने की मांग की जा रही है लेकिन लचर प्रशासनिक व्यवस्था के चलते 2 साल बाद भी नेटवर्क चालू नहीं हो पाया है । यही कारण है कि इस विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत देने के लिए अतिरिक्त रनर की व्यवस्था की गई । रनर 2 से 5 किलोमीटर मोटरसाइकिल से जाकर नेटवर्क पॉइंट से मतदान के प्रतिशत की जानकारी नोट करते रहे ।

### यह है शैडो एरिया के मतदान केंद्र

ग्राम बारासेल, भावंदा, पीपलगोट, ढेकना और परसवाड़ा मैं मतदान केंद्र हैं लेकिन इन मतदान केदो में नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण समय पर मतदान का प्रतिशत और सुरक्षा आपातकाल में सहायता की जानकारी कंट्रोल रूम तक उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। कुछ ग्रामों में टावर तो खड़े कर रही है लेकिन नेट की व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई इसके कारण अतिरिक्त रनर की व्यवस्था की गई ।

### ऐसे होते हैं रनर

सभी छह मतदान केन्द्र पर दो-दो रनर की ड्यूटी लगाई गई है । जिनका काम है कि वे समय-समय पर महिला, पुरुष और कुल मतदान का प्रतिशत ले जाकर तीन से पांच किलोमीटर दूर चिन्हित नेटवर्क पॉइंट जाकर मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से कंट्रोल रूम को जानकारी नोट करावे । हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन द्वारा वायरलेस की व्यवस्था इन सभी 6 मतदान केन्द्र पर कराई गई है । जिससे सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ मतदान अधिकारियों और कंट्रोल रूम को भी सुविधा मिल गई है ।

### चुनाव आयोग से शिकायत करेगा मतदाता

## वोटर कार्ड लेकर भटकता रहा मतदाता, लेकिन नाम मतदाता सूची से गायब

**नर्मदापुरम।** चुनाव आयोग का नारा है कि सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो.. जब एक व्यक्ति अपना सारा काम छोड़कर वोट डालने आया लेकिन उसका नाम मतदाता सूची से गायब मिला.

जब वह नगर पालिका स्थित मतदान केंद्र में मतदान करने गया तो पता चला कि उसका नाम वोटर लिस्ट में है ही नहीं. यहां प्रश्न उठता है कि जो व्यक्ति हर चुनाव में निरंतर रूप से मतदान करते आ रहा है इस चुनाव में उसका नाम वोटर लिस्ट से किसकी अनुमति से काटा गया? ग्वालटोली निवासी देवी प्रसाद आत्मज किशोरी लाल रेलवे में कर्मचारी है. पहले वह होशंगाबाद रेलवे स्टेशन पर कार्य था. वर्तमान में वह इटारसी रेलवे स्टेशन पर अपनी सेवाएं दे रहा है. ग्वालटोली स्थित उसके निवास पर उसके भाई बंधु गण अभी भी निवास करते हैं. और वह भी ग्वालटोली का स्थाई रूप से निवासी कहा जाता है.




देवी प्रसाद ने बताया कि वह हर चुनाव में निरंतर अपने मतदान का उपयोग करता रहा है. इस विधानसभा के चुनाव में वह इटारसी से मतदान करने होशंगाबाद आया. जैसे ही वह नगर पालिका स्थित मतदान केंद्र में मतदान करने पहुंचा तो वहां पता चला कि मतदाता सूची में उसका नाम है ही नहीं जबकि उसके पास चुनाव आयोग का अधिकृत मतदान परिचय पत्र है. यहां प्रश्न उठता है कि मतदाता सूची से उसका नाम क्यों काटा गया. मतदाता सूची से नाम काटने के लिए क्या उसकी अनुमति ली गई. क्या देवी प्रसाद ने अन्य मतदाता केंद्र पर अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था. यदि ऐसा कुछ नहीं था तो उसका नाम किस आधार पर मतदाता सूची से अलग किया गया.

एक ओर तो चुनाव आयोग जोर-जोर से प्रचार करता है कि सारे काम छोड़कर पहले अपने मत के अधिकार का प्रयोग करें. व्यक्ति अपने सारे काम छोड़कर लोकतंत्र के महापर्व में अपने वोट रूपी आहुति डालने के लिए आता है तो उसे इस प्रकार की कार्य शैली से रूबरू होना पड़ता है.

देवी प्रसाद का कहना है कि वह इस घटना को लेकर चुनाव आयोग से लिखित में शिकायत करेंगे. जिनके द्वारा भी उसकी बिना अनुमति से उसका नाम काटा गया. उसकी जांच की जाए. मतदाता का कहना है कि कई बार राजनीतिक दल द्वारा ही मतदाताओं के नाम इसलिए कटवा दिए जाते हैं क्योंकि उन्हें संदेह होता है कि यह मतदाता अपनी पार्टी को वोट नहीं डालेगा. इस विद्वेष भावना से वह ऐसे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटवा देते हैं जिन मतदाताओं से उन्हें अपनी पार्टी पार्टी को वोट मिलने की संभावना नहीं रहती है. अनुमान लगाया जा रहा है कि कुछ इसी विद्वेष भावना से कुछ लोगों ने देवी प्रसाद का नाम मतदाता सूची से उसकी बिना अनुमति से कटवा दिया. कारण जो भी रहा हो लेकिन एक मतदाता अपने सारे काम छोड़कर दूसरे शहर से अपने पैतृक शहर में मतदान करने आता है तो उसे समय और आने-जाने में पैसा भी खर्च करना पड़ता है. ऐसे में उसे मतदान किए बिना निराश होकर लौटना पड़ता है तो उसके दिल पर क्या बीतेगी. क्या किसी ने सोचा है?

## जिले की चारों विस में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न

### जिले की चारो विधानसभा में कुल 83.09 प्रतिशत हुआ मतदान

**नर्मदपुरम।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत जिले की चारो विधानसभा में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। चारो विधानसभा में मतदाताओं द्वारा पूरे उत्साह और उमंग के साथ मतदान किया गया। मतदान में अपने मताधिकार का उपयोग करने महिलाओं, वरिष्ठजनों तथा युवाओं में भी भारी उत्साह देखा गया। मतदान समाप्ति के पश्चात निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त प्राथमिक जानकारी के अनुसार जिले की चारो विधानसभा में कुल 83.09 प्रतिशत मतदान हुआ। जिम 84.60 प्रतिशत पुरुष एवं 81.47 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया है। सिवनीमालवा विधानसभा में 84.36 प्रतिशत, होशंगाबाद में 76.39 प्रतिशत, सोहागपुर में 86.70 प्रतिशत तथा पिपरिया विधानसभा में 84.36प्रतिशत मतदान हुआ। विधानसभा निर्वाचन 2018 में जिले की चारों विधानसभाओं में कुल 80.61 प्रतिशत मतदान हुआ था। जिनमें 81.99 प्रतिशत पुरुष एवं 79.07 प्रतिशत महिलाओ ने मतदान किया था।

मतदान की जानकारी 17-11-2023 जिला नर्मदापुरम

| S.No. | AC No. | AC NAME | कुल मतदान केंद्र | कुल मतदाता | | | | कुल मतदान | | | | मतदान % | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पुरुष | महिला | अन्य | कुल | पुरुष | महिला | अन्य | कुल | पुरुष | महिला | अन्य | कुल |
| 1 | 136 | Seonimalwa | 318 | 127056 | 117633 | 9 | 244698 | 108635 | 97796 | 7 | 206438 | 85.50% | 83.14% | 77.78% | 84.36% |
| 2 | 137 | Hoshangabad | 238 | 111997 | 108817 | 18 | 220832 | 87340 | 81346 | 11 | 168697 | 77.98% | 74.75% | 61.11% | 76.39% |
| 3 | 138 | Sohagpur | 314 | 127205 | 115090 | 6 | 242301 | 111966 | 98099 | 5 | 210070 | 88.02% | 85.24% | 83.33% | 86.70% |
| 4 | 139 | Pipariya | 317 | 119172 | 111278 | 4 | 230454 | 102741 | 91670 | 4 | 194415 | 86.21% | 82.38% | 100.00% | 84.36% |
| Total | | | 1187 | 485430 | 452818 | 37 | 938285 | 410682 | 368911 | 27 | 779620 | 84.60% | 81.47% | 72.97% | 83.09% |

मेट्रो एंकर

### एक ही गांव के 14 बेटे हैं फौज में

# छुट्टी पर आए फौजियों ने पहली बार मतदान केंद्र जाकर डाला अपना वोट, दिखा उत्साह




सिवनी मालवा द्य खारदा मतदान केंद्र पर मतदान करने के बाद चिन्ह दिखाते फौजी मनोज कुमार यादव और सुरेंद्र यादव।

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

पूरे जिले में एकमात्र ग्राम खारदा है द्य जिसके 14 बेटे फौज में भर्ती होकर देश की सेवा में लगे हुए हैं द्य इनमें फौजियों में से तीन फौजी इन दिनो छुट्टी पर आए हुए हैं । फौजियों ने खारदा के मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला । दूसरे गांव से आने वाले मतदाता भी पहले फौजियों से हाल-चाल पूछते और फिर खुशी-खुशी जाकर वोट डालते रहे द्य

आपको बता दें कि ग्राम खारदा और उसके टोला बीजापुर में यादव समाज के 14 जवान फौज में भर्ती हैं । जो फौज के अलग-अलग विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन फौजियों में से पाकिस्तान के सीमावर्ती रामगढ़ बॉर्डर पर तैनात मनोज कुमार यादव बेंगलुरु और अरुणाचल आर्मी में तैनात सुरेंद्र यादव और रोशन यादव दीपावली के छुट्टी में अपने ग्रह ग्राम खारदा आए हुए हैं। इस चुनाव में पहली बार मतदान केंद्र जाकर मतदान करने का मौका मिला अन्यथा वे इससे पहले पोस्ट वैलिड द्वारा अपना मतदान करते रहे ।



### सभी प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद, 3 दिसंबर को होगी गणना

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए उत्साह के साथ मतदाताओं ने किया वोट, 80 फीसदी मतदान



■ वोटिंग के दौरान दो मतदान केंद्रों की बदलनी पड़ी मशीनें, कई केंद्रों पर व्हीलचेयर नहीं होने के कारण दिव्यांग, बुजुर्ग मतदाताओं को परेशानी



■ मतदान केंद्र 232 पर भाजपा प्रत्याशी ने डाला वोट, स्लो वोटिंग और विरोधी पक्ष के लिए काम करने का पीठासीन अधिकारी पर लगाया आरोप

**शाम 7 बजे तक 80 फीसदी के करीब मतदान हो चुका था और कई केदो मतदाताओं की कतारें लगी हुई थी। वहीं छुटपुट समस्याओं को छोड़ दिया जाए तो शांतिपूर्ण तरीके से 80त्न से अधिक मतदान संपन्न हुआ सुबह 7 बजे से पहले ही कई केदो मतदाता वोट डालने के लिए पहुंच गए थे। विधानसभा क्षेत्र के लिए टोटल 254 मतदान केदो पर वोटिंग प्रारंभ हुई जिनमें से दो मतदान 19 पर ईवीएम मशीन के साथ तीनों को बदल गया और मतदान केंद्र 28 पर भी पीवीपेट मशीन को बदलना पड़ा।**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

मतदान केंद्र 8 बमोरी में हल्के विवाद की जानकारी मिली कुछ मतदान केदो पर मॉक पोल के दौरान ईवीएम मशीनो मैं खराबी आने पर पहले ही बदल दिया था। सुगन खेडी के मतदान पर 12 बजे तक वोटिंग सही से नहीं होने के कारण यहां पर 6 बजे के बाद भी वोटरों की लाइन लग रही है। यहां पर सभी को पर्चियां का वितरण करके वोटिंग करवाई गई लव कुछ और केदो पर भी 6 बजे के बाद वोटिंग होती रही। पाल-पाल की जानकारी कम्युनिकेशन सेंटर से निर्वाचन अधिकारी हरषल चौधरी लेते रहे एडीएम अनिल डामोर एसपी समीर यादव ने भी मतदान केदो का निरीक्षण किया है। वहीं सभी 254 मतदान केदो को 26 सेक्टर में बांटा गया था जिनके लिए 26 सेक्टर प्रभारी और चारों मजिस्ट्रेट बनाए गए थे जिन्होंने लगातार मतदान केदों का भ्रमण किया।



बुजुर्गों में वोटिंग का जोश



**ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी मोबाइल में व्यस्त नजर आए सुगन खेती के मतदान केंद्र पर 12 बजे तक वोटिंग में परेशानी मतदाताओं की लगी भीड़**

**कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी ने परवरिया में डाला वोट, दोनों प्रत्याशियों ने अपनी अपनी सरकार बनने और अपनी जीत का किया दावा**



## उमाकांत शर्मा ने मतदान केन्द्र 232 में डाला वोट, जीत का दावा



भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार उमाकांत शर्मा ने सुबह सबसे पहले घर के सामने स्थित गणेश जी के मंदिर फिर मामे भैया के दरबार में पहुंचकर पूजा अर्चना की फिर अपने मतदान केंद्र 232 पर पहुंचकर मतदान किया। मीडिया से बात करते हुए कहा कि जनता जनार्दन का भरपूर आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को मिल रहा है प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी सिरोंज लटेरी में भी कमल खिलेगा जीत भी जनता के भरपूर विश्वास से मिलेगी इन्होंने इस मतदान केंद्र पर धीमी गति से मतदान होने के साथ ही पीठासीन अधिकारी पर जानबूझकर दूसरे को दल फायदा पहुंचाने के लिए काम करने का आरोप भी लगाया इसके बाद उमाकांत शर्मा मतदान केदो का जायजा लेने के लिए निकल पड़े इनकी शिकायत के बाद मतदान केंद्र 232 की व्यवस्था नहीं सुधारी पीठासीन अधिकारी वोटरों से भी अच्छा व्यवहार करती हुई दिखाई नहीं दी।

## परवरिया के मतदान केंद्र पर गगनेंद्र रघुवंशी ने डाला वोट, जीत का भरोसा



कांग्रेस प्रत्याशी गगनेंद्र रघुवंशी सुबह अपनी पत्नी के साथ श्री मंशापूर्ण सरकार मंदिर पहुंचे दर्शन के बाद क्षेत्र के मतदान केदो का लगातार भ्रमण करते रहे वहीं उन्होंने परवरिया के मतदान केंद्र पर अपना वोट डालते हुए कहा कि जनता जनार्दन का भरपूर आशीर्वाद मुझे प्राप्त हो रहा है। अच्छे बहुमत से हमें जीत मिलेगी प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार बन रही हो जहां जहां में गया वहां वहां मुझे भरपूर स्नेह मतदाताओं के द्वारा दिया गया है।

## पुरुषों की जगह महिलाओं में ज्यादा दिखा उत्साह

सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने के लिए महिलाएं मतदान केदो पर पहुंची जहां पर पुरुषों की अपेक्षा में महिलाओं की लंबी-लंबी कटारे लगी हुई थी इसको देखते ऐसा लग रहा था कि पुरुषों से ज्यादा महिलाओं में वोट करने को लेकर उत्साह था तभी तो इनकी संख्या अधिक थी जिसमें अधिक उम्र होने के साथ ही दिव्यांग और बीमार महिला वोटर भी मतदान करने के लिए पहुंची 79 साल की रामको बाई मतदान केंद्र 195 पर अपना वोट डालने के लिए पहुंची जहां पर उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था नहीं थी जबकि इनका आंखों से बहुत कम दिखाई देता है कानो से सुनाई नहीं देता है फिर भी यह लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट करने पहुंची थी यहां पर व्हीलचेयर व्यवस्था नहीं होने वजह से प्रदेश टुडे ने मतदान कर्मियों को बताया इनको कुर्सी उपलब्ध कराई गई। इसी तरह मतदान केंद्र राकब गंज पर 90 साल की नरिजन वी अपना वोट डालने के लिए पहुंची इसके अलावा बीमारी से पीड़ति चलने में असमर्थ महिला गायत्री रघुवंशी 64 साल पहुंची जिनको परिजन अपने हाथों में लेकर मतदान केंद्र पर पहुंचे यहां पर भी व्हीलचेयर की व्यवस्था नहीं थी अन्य मतदान केदो पर भी मतदाताओं ने अपना मत लोकतंत्र की मजबूती के लिए दिया।

## पुलिसकर्मी मोबाइल में रहे व्यस्त

मतदान के दौरान ड्यूटी पर तैनात मतदान कर्मी बूथ के अंदर ही मोबाइल पर बात करते हुए नजर आए जैसे ही प्रदेश टुडे की टीम ने मतदान केंद्र पशु चिकित्सालय के केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी को मोबाइल पर बात करते उनकी तस्वीर अपने कमरे में कैद की तो मोबाइल को छुपाते हुए जरा इसी तरह अयोध्या बस्ती के मतदान केंद्र पर भी एक पुलिसकर्मी मोबाइल पर मतदान केंद्र के अंदर ही बात कर रहे थे। प्रदेश टुडे की कैमरे को देखकर फोन को छुपा लिया

## पहली बार वोट डालने वाले वोटरों ने अच्छी शिक्षा के लिए किया मतदान

विधानसभा में पहली बार मतदान करने के लिए फर्स्ट टाइम वोटरों ने भी अपना वोट डाला और उसके वाद इन्होंने प्रदेश थोड़े से बात करते हुए कहा कि हमने अच्छी शिक्षा और रोजगार से लेकर यहीं हमें प्रदेश स्तर बेहतर शिक्षा उपलब्ध उसको लेकर वोट किया है और हमारी सोच है।

## इनका कहना है

सभी जगह शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ है शाम 7 बजे के बाद भी कुछ मतदान केंद्र पर वोटरों की लाइन लगी हुई थी जहां पर पर्ची देकर वोट डलवाया गया है। दो केदो पर मशीनों में खराबी आने पर तत्काल उनको बदल दिया गया था कहीं पर कोई विवाद की स्थिति निर्मित नहीं हुई।
– **हर्षल चौधरी**, निर्वाचन अधिकारी सिरोंज



**मेट्रो एंकर**

### मंदिर मदन मोहन सरकार के दरबार में नवनीत महाराज बोले-

# 'कार्तिक मास का व्रत करके पूजा अर्चना करने से, हरि की विशेष कृपा बरसती है'

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर के प्रसिद्ध मंदिर मदन मोहन सरकार के दरबार में कार्तिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। सरकार की विशेष आरती होती आकाशदीप दान के साथ कई तरह के पकवानों का भोग लगाया जाता है। कार्तिक मास की कथा का रसपान भी मंदिर के प्रधान पुजारी नवनीत महाराज के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कार्तिक मास व्रत की कथा का रसपान कराया और कहा लगा हूं श्रीहरि के, चरणों में शीश नवाय। कार्तिक माहात्म का बने, यह इक्कीसवाँ अध्याय ।। विष्णुदासोऽपि तत्रैव तस्थौ देवालये व्रतो। यथोक्तनियमान्कुर्वन् विष्णोस्तुष्टिकरान्सदा ।। माघोर्जयोव्रतं सम्यक् तुलसी वनपालनम्। एकादश्यां हरेर्जाप्यं द्वादशाक्षरविद्यया ।। विष्णुदास भी उसी मन्दिर में व्रत करता हुआ विष्णु भगवान् की प्रसन्नता के लिए यथोक्त नियमों को करने लगा माघ तथा कार्तिक का व्रत, तुलसी के वन की रक्षा और एकादशी तिथि को द्वादशाक्षर मन्त्र का जप किया षोडश उपचार, गीत और नृत्यादि मङ्गलों से नित्य प्रति विष्णु भगवान् की पूजा तथा उक्त व्रतादि को किया सोते, चलते, खाते, सदा विष्णु भगवान् ही को स्मरण करता हुआ सब प्राणियों में समदृष्टि से विष्णु भगवान् ही को देखता हुआ और विष्णु के प्रसन्नतार्थ सदा माघ तथा कार्तिक व्रत के नियमों को और उद्यपान विधि को किया साथ ही भक्तो में सम दृष्टि रखते हुए भेद बुद्धि ना रखते हुए भगवान की भक्ति की। दौरान बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।



# दुकान खुलते ही शराबी शराब लेने टूट पड़े



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

चुनाव के चलते शराब दुकान 48 घंटे से बंद थी जैसे ही चुनाव संपन्न होने के बाद शराब दुकान खुलने की जानकारी शराब के शौकीनों को लगी तो शाम 6 बजे से ही शराब दुकान के बाहर शराब लेने वालों की भीड़ लगने लगी थी। देखते ही देखे यहां पर मेला सा नजर आने लगा शराब दुकान खुलते ही शराब लेने के लिए लोग टूट पड़े काफी इंतजार के बाद शराबियों को शराब मिल पा रही थी दो दिनों से शराब नहीं मिलने के कारण शराबी परेशान हो रहे थे। ब्लैक में शराब का कारोबार भी बड़े स्तर पर हुआ वहीं चुनाव में शराब का उपयोग रोकने के लिए बड़ी संख्या में अवैध रूप से शराब पकड़ने का काम भी पुलिस और अन्य टीमों के द्वारा किया गया जिसके कारण कई प्रत्याशियों के समर्थक शराब का वितरण भी मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए नहीं कर पाए रात भर पुलिस प्रशासन कार्रवाई करता रहा।

# छेत्री ने कहा - हम 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए मजबूती से तैयार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत के स्ट्राइकर सुनील छेत्री का मानना है कि उनकी टीम फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के अगले दौर में जगह बनाने के लिए पिछले अवसरों की तुलना में मजबूत और अधिक तैयार है क्योंकि खिलाड़ियों ने इस साल अपने बेल्ट के तहत अच्छा खेल का समय बिताया है। 39 वर्षीय छेत्री फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के संयुक्त-क्वालीफिकेशन अभियान के राउंड 2 में भारत का नेतृत्व करेंगे, जब वह गुरुवार को शुरुआती मुकाबले में कुवैत से भिड़ेंगे। दिग्गज खिलाड़ी ने कहा कि घरेलू मैदान पर अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन ने टीम को और अधिक व्यवस्थित रूप दिया है। मुझे लगता है कि यह सिर्फ टीम का मनोबल है, या पिछले छह से आठ महीनों में क्या हुआ है। बहुत सारे लड़कों ने टीम में अपनी जगह बना ली है. और इसीलिए हम शायद अधिक तैयार हैं।

### अंतरराष्ट्रीय टीमों के खिलाफ प्रदर्शन ने टीम को और अधिक व्यवस्थित लुक दिया

विश्व कप क्वालीफायर ऐसे समय में हो रहे हैं जब हममें से बहुतों के पास खेल का अच्छा-खासा समय है। ये सभी चीजें मायने रखती हैं। भारत कुवैत, कतर और अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा और कप्तान ने कहा कि उनके खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा या बुरा हो सकता है लेकिन टीम अपने विरोधियों की खेल शैली से हैरान नहीं होगी। हमने कुछ महीने पहले दो बार कुवैत खेला था, इसलिए हमें उनके बारे में बेहतर जानकारी है। हमने पिछले तीन वर्षों में कम से कम तीन बार कतर से खेला है, जिससे फिर मदद मिलती है। और हम अफगानिस्तान को हमेशा से जानते हैं। हमने उन्हें काफी खेला है. जब भी हम इन टीमों से खेलते हैं, हम अच्छा या बुरा खेल सकते हैं, लेकिन हम किसके खिलाफ खेल रहे हैं उससे हमें आश्चर्य नहीं होगा।



### टीम वर्क पर अधिक भरोसा

छेत्री ने कहा कि भारत अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर देने के लिए व्यक्तिगत प्रतिभा के बजाय टीम वर्क पर अधिक भरोसा करेगा। हमारी टीम ने हमेशा कड़ी मेहनत, टीम भावना और एकजुट रहने पर भरोसा किया है। कई अन्य टीमों में व्यक्तिगत प्रतिभा और अन्य चीजें हैं। शायद, हम वह टीम नहीं हैं. और मुझे इसे स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं है। इसीलिए मैंने कहा कि हम अधिक तैयार हैं। हमें पिच पर उतरना होगा और अच्छा प्रदर्शन करना होगा। हालांकि, छेत्री ने कहा कि विदेशी धरती पर घरेलू सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत और तरीकों में बदलाव बेहद जरूरी होगा।

### वर्ल्ड कप फाइनल से पहले टीम इंडिया ने बहाया पसीना, 19 को मुकाबला

# भारत-ऑस्ट्रेलिया नॉकआउट मुकाबलों में आठवीं बार भिड़ेंगी




**अहमदाबाद, एजेंसी**

साउथ अफ्रीका को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने 8वीं बार वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बना ली। अब टीम का सामना 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले से पहले टीम इंडिया ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया। यह किसी आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों में दोनों टीमों की आठवीं भिड़ंत होगी। यानी अब तक 7 मैच हो चुके हैं। वनडे वर्ल्ड कप में दोनों के बीच चौथा नॉकआउट मुकाबला होगा। इसके अलावा 1 भिड़ंत टी-20 वर्ल्ड कप में, 2 चैंपियंस ट्रॉफी में और 1 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में हुई है। भारत ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाया। भारतीय टीम चौथी बार फाइनल में पहुंची है। इससे पहले टीम 1983, 2003 और 2011 में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। बता दें बीते दिन टीम के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद में नेट्स पर बैटिंग की और उसके बाद कैचिंग प्रैक्टिस की।

### रोहित बाउंड्री में सबसे आगे, दौड़कर सिर्फ 136 रन

वर्ल्ड कप 2023 के टॉप-10 रन स्कोरर में रोहित शर्मा बाउंड्री लगाने के मामले में सबसे आगे हैं। रोहित ने सबसे ज्यादा 90 बाउंड्री लगाई हैं, जिसमें 62 चौके और 28 सिक्स शामिल है। रोहित ने 552 में से मात्र 136 रन दौड़ कर लिए है। वहीं विराट कोहली ने मौजूदा वर्ल्ड कप में 10 मैचों में 711 रन बना दिए हैं। सबसे ज्यादा। यह पहला मौका है जब किसी बल्लेबाज ने इस टूर्नामेंट में 700 रनों का नंबर पार किया है। यह आंकड़ें बताते हैं कि विराट मॉडर्न क्रिकेट की सबसे शानदार रन मशीन हैं। तभी तो सबसे आगे हैं। वैसे, इस आंकड़ों के पीछे एक और फैक्ट छुपा है जो विराट को रन मशीन के साथ-साथ क्रिकेट की सबसे शानदार रनिंग मशीन भी बनाता है।

### सचिन वनडे करियर में पिच पर 162 किलोमीटर दौड़े

वनडे क्रिकेट के इतिहास में में विराट दौड़ कर रन बनाने के मामले में 5वें नंबर पर हैं। इस लिस्ट में सचिन तेंदुलकर टॉप पर है। सचिन ने अपने 23 साल के वनडे करियर के दौरान कुल 18 हजार 426 रन बनाए हैं, इनमें से 9 हजार 192 रन सिंगल, डबल और ट्रिपल से आए। इसके लिए उन्होंने पिच पर 162.49 किलोमीटर की रनिंग की। दूसरे नंबर पर कुमार संगकारा और तीसरे नंबर पर रिकी पोंटिंग हैं। विराट इस मामले में चौथे नंबर पर हैं, उन्होंने वनडे क्रिकेट में 7728 रन बनाने के लिए 136.61 किलोमीटर की दूरी दौड़ कर तय की है। वनडे क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर ने 51 फीसदी रन बाउंड्री से बनाए है। सचिन ने वनडे में 2016 चौके और 195 सिक्स लगाए। वहीं, दूसरी ओर कोहली ने रनिंग पर ज्यादा ध्यान दिया और 57त्न रन दौड़ कर जोड़े और 43 फीसदी रन बाउंड्री से हासिल किए। कोहली के वनडे में 1290 चौके और 151 सिक्स हैं।

#### बाउंड्री से रन बनाने के मामले में कोहली 5वें नंबर पर

कोहली ओवरऑल वनडे के टॉप रन स्कोरर में तीसरे नंबर पर हैं, लेकिन चौके और छक्कों से रन जोड़ने के मामले में वें पांचवें नंबर पर हैं। सचिन तेंदुलकर ने बाउंड्री की मदद से सबसे ज्यादा रन बनाए है। वहीं, श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सनथ जयसूर्या दूसरे और वेस्टइंडीज के क्रिस गेल तीसरे नंबर पर हैं। चौथे नंबर पर कुमार संगकारा है। चोकर्स खेल की दुनिया में इस्तेमाल हो रहे सबसे नकारात्मक शब्दों में से एक है। इसे उन टीमों के ऊपर चस्पा किया जाता है जो बड़े मुकाबलों का दबाव नहीं झेल पाती। टैलेंट, रिसोर्सेज, प्लानिंग सबकुछ सही होने के बावजूद एक खास लेवल पर आकर टूट जाती है।

# हफीज ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे पर पाकिस्तान के हेड कोच होंगे

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के डायरेक्टर मोहम्मद हफीज ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दौरे पर कोच की भूमिका निभा सकते हैं। पूर्व ऑलराउंडर मोहम्मद हफीज को हाल ही में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का निदेशक नियुक्त किया गया है। वहीं, पूर्व तेज गेंदबाज वहाब रियाज को नेशनल टीम का चीफ सिलेक्टर नियुक्त किया गया है। दरअसल, भारत में खेले जा रहे वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। टीम लीग स्टेज के बाद पांचवें स्थान पर रही और सेमीफाइनल मे लिए भी क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। जिसके बाद पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम ने सभी फॉर्मेट से टीम की कप्तानी छोड़ दी। उनकी जगह पर तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को टी-20 कप्तान बनाया गया। टेस्ट में बैटर शान मसूद कप्तानी करेंगे, वहीं वनडे में अभी तक नए कप्तान की घोषणा नहीं हुई है।

**ऑर्थर और ब्रैडबर्न ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड दौरे पर नहीं जा रहे:** टीम के डायरेक्टर मिकी ऑर्थर और कोच ग्रांट ब्रैडबर्न ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड दौरे पर पाकिस्तान टीम के साथ यात्रा नहीं करने का फैसला किया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के दौरे के लिए किसी को कोच नियुक्त नहीं किया है। टीम के निदेशक नियुक्त किए गए मोहम्मद हफीज ही ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में कोच की भूमिका निभा सकते हैं।



## वर्ल्ड कप का असर: छह गुना बढ़े फ्लाइट की टिकट के दाम

**मेट्रो बाजार**

**बेंगलुरु, एजेंसी**

आईसीसी वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023 के फाइनल से 18 नवंबर अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट के वनवे टिकट की कीमत 6-7 गुना तक बढ़ गई है। मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु जैसे शहरों से अहमदाबाद का किराया 30,000 से ज्यादा हो गया है। 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल दोपहर 2 बजे से खेला जाना है। मैच के चलते ही इंडिगो शनिवार को बेंगलुरु से अहमदाबाद के लिए छह डायरेक्ट फ्लाइट्स ऑपरेट कर रही है। सुबह की टिकटों की कीमतें 30,999 रुपए से शुरू हैं। आम दिनों में बेंगलुरु से अहमदाबाद जाने वाली वन-वे फ्लाइट की एक टिकट की शुरुआती कीमत 5,700 रुपए रहती है।



वहीं अहमदाबाद में लग्जरी होटल का एक रात का किराया 2 लाख रुपए तक पहुंच गया है। एक ई-कॉमर्स फर्म के मैनेजर 31 साल के मधु प्रसाद ने ञ्जह्लढ्ढ को बताया कि उन्होंने भारत और ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड कप फाइनल मैच देखने जाने के लिए शनिवार रात 9:00 बजे का बेंगलुरु से अहमदाबाद का इंडिगो का फ्लाइट टिकट बुक किया है उन्हें यह टिकट 32,999 रुपए में मिला है। इनके अलावा और भी कई लोगों ने महंगे टिकट बुक कराए हैं। वडोदरा के लिए भी टिकट प्राइस हाई है। वडोदरा से सड़क मार्ग से लगभग दो घंटे में अहमदाबाद पहुंचा जा सकता है। मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु से वडोदरा की फ्लाइट का किराया 20,000-25000 रुपए तक पहुंच गया है। अहमदाबाद में 4 स्टार, 5 स्टार और 7 स्टार जैसी लग्जरी होटल का एक रात का किराया भी 2 लाख रुपए तक पहुंच गया है। आम तौर पर इनका किराया 20-25 हजार रुपए होता है। वहीं नॉर्मल होटल का किराया भी 10,000 तक हो गया है।

## भारत में होंडा सीबी 350 हुई लॉन्च

**नईदिल्ली, एजेंसी**



होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भारत में नई रेट्रो क्लासिक बाइक सीबी 350 को लॉन्च की है। होंडा मोटरसाइकिल पर 10 साल का वारंटी पैकेज दे रही है। इसमें 3 साल की स्टैंडर्ड और 7 साल की ऑप्शनल वारंटी शामिल है। होंडा ने मोटरसाइकिल को दो वैरिएंट डीएलएक्स और डीएलएक्स प्रो में पेश किया है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम,दिल्ली कीमत 2 लाख रुपए है। कस्टमर नई होंडा सीबी 350 को अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं और डिलीवरी जल्द ही शुरू होगी। बाइक की डिजाइन की बात करें तो, नई बाइक में एक मस्कुलर फ्यूल टैंक और ऑल-एलईडी लाइटिंग सेटअप दिया गया है। इसमें एक राउंडशेप की हेडलैंप, एक टेल लैंप और विंकर्स शामिल हैं। रेट्रो मोटरसाइकिल में मेटल फेंडर, फ्रंट फोर्क्स के लिए मैटेलिक कवर और स्प्लिट सीटें हैं। नई बाइक को मेटैलिक और मैट रंग विकल्पों में पेश कर रहा है। सूची में मैट क्रस्ट मेटैलिक, पर्ल इग्नियस ब्लैक, प्रेशियस रेड मेटैलिक, मैट मार्शल ग्रीन मेटैलिक और मैट ड्यून ब्राउन शामिल हैं।

**मनोरंजन** — **बॉलीवुड का कोना**

## सनी ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन, धार्मिक फिल्में करने की इच्छा जताई

बॉलीवुड की ग्लैमरस एक्ट्रेस सनी लियोनी वाराणसी पहुंचीं। सनी वाराणसी में अपने नए म्यूजिक एल्बम थर्ड पार्टी का प्रमोशन करने आई। एक्ट्रेस यहां माथे पर तिलक लगाए, गले में माला पहने गंगा आरती करती दिखीं। गंगा आरती में सनी के साथ निलंबित आईएएस अभिषेक सिंह भी दिखे। बता दें, अभिषेक सिंह उत्तर प्रदेश के आईएएस ऑफिसर थे। एक सरकारी गाड़ी के सामने फोटो खिंचवाकर और सोशल मीडिया पर अपलोड करने की वजह से अभिषेक को फरवरी 2023 में निलंबित कर दिया गया था। अब ये म्यूजिक की दुनिया में अपना करियर बनाना चाहते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सनी लियोनी ने धार्मिक फिल्मों में काम करने की इच्छा जताई। सनी ने कहा कि हर काम करने का पैशन होना चाहिए। दिल से किया जाने वाला हर काम अच्छा होता है। उन्होंने आगे बताया कि अगर मौका मिला तो धार्मिक फिल्में जरूर करूंगी, लेकिन इस तरह की फिल्में बहुत सोच-समझकर करनी चाहिए। सनी लियोनी ने बाबा विश्वनाथ के भी दर्शन किए।



### शहनाज रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड के साथ बद्रीनाथ जाने पर हुई थीं ट्रोल

हाल ही में शहनाज बद्रीनाथ के दर्शन करने पहुंची थीं। शहनाज अपने रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड राघव के साथ बद्रीनाथ के दर्शन करने पहुंची थीं। इसको लेकर इंस्टाग्राम यूजर्स ने उन्हें ट्रोल किया था। शहनाज ने ट्रोलिंग करने वालों को अपनी फोटो के जरिए जवाब दिया। शहनाज गिल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी पोस्ट की। जिसमें उन्होंने ट्रोलर्स को जवाब देते हुए आई डोंट केयर (मुझे फर्क नहीं पड़ता) लिखा हुआ चश्मा पहना है।

## आराध्या के बर्थडे पर *अभिषेक* बोले- मैं तुमसे प्यार करता हूं



16 नवंबर को आराध्या बच्चन ने अपना 12वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन ने बेटी को खास तरह से विश किया है। दोनों ने आराध्या की तस्वीर शेयर कर उनके लिए प्यार भरा नोट लिखा। बता दें, 20 अप्रैल 2007 को ऐश्वर्या और अभिषेक ने शादी की थी। शादी के 4 साल बाद ऐश्वर्या ने 16 नवंबर 2011 को बेटी आराध्या को जन्म दिया था। अभिषेक बच्चन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वो छोटी आराध्या को गोद में लिए हुए दिखाई दे रहे हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है- हैप्पी बर्थडे मेरी छोटी राजकुमारी। मैं तुमसे सबसे ज्यादा प्यार करता हूं। उनके इस पोस्ट पर अथिया शेट्टी, फरदीन खान, सुनील शेट्टी और सोनू सूद जैसे सेलेब्स ने रिएक्ट किया है और आराध्या को विश भी किया।


### ऐश्वर्या बोली- मैं तुम्हारे लिए सांस लेती हूं

वहीं ऐश्वर्या ने भी इंस्टाग्राम हैंडल पर आराध्या के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है- मैं तुमसे सबसे ज्यादा प्यार करती हूं। मेरी प्यारी परी आराध्या, मैं बिना शर्त के हमेशा के लिए तुमसे प्यार करती हूं। तुम्हीं मेरी जिंदगी का असली प्यार हो। मैं तुम्हारे लिए सांस लेती हूं। 12वां बर्थडे सबसे अच्छा हो। भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखें। तुम्हारे होने के लिए शुक्रिया। मैं तुमसे सबसे ज्यादा प्यार करती हूं।

## इमरान बोले... शराब नहीं पीता इसलिए पार्टियों में जाने से बचता हूं

इमरान हाशमी शाहरुख खान की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे। हालांकि, ये पार्टी उनके लिए मजेदार नहीं रही। इसकी वजह इमरान ने ये बताई कि वो पार्टी पर्सन नहीं हैं। वो बॉलीवुड की ग्रैंड पार्टियों में जाने से बचते हैं क्योंकि उन्हें सुबह जल्दी उठना रहता है। उन्होंने अपनी जिंदगी में ये सारे बदलाव कोविड महामारी के बाद किए हैं। देर रात नहीं जागते हैं, कोविड के बाद लाइफस्टाइल बदली एक इंटरव्यू में इमरान ने शाहरुख खान की बर्थडे पार्टी के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि ये पार्टी उनके लिए मजेदार नहीं रही। उन्होंने कहा- मैं वहां 12 बजे के बाद नहीं रुका। दरअसल, मैं रात 12 बजे के बाद नहीं जागता हूं क्योंकि मैं सुबह 6.30 से 7 के बीच उठ जाता हूं। इमरान ने कहा कि वो कोविड महामारी के बाद बहुत अनुशासित हो गए हैं और उन्हें ये लाइफस्टाइल बहुत पसंद है। इमरान ने आगे कहा- मैं कभी भी पार्टी पर्सन नहीं रहा हूं।

**इमरान ने कहा वो फिल्म स्क्रीनिंग में भी जाना पसंद नहीं करते हैं। अगर मुझे वो फिल्म नहीं पसंद है, तो मैं तारीफ नहीं कर सकता हूं। ऐसा नहीं है कि मैं फिल्म से नफरत करता हूं। बस मैं इसके बारे में झूठ नहीं बोल सकता।**



### शाहरुख की बर्थ डे पार्टी में पहुंचे थे

शाहरुख खान ने अपना 58वां बर्थडे सेलिब्रेट किया है। इस मौके पर उन्होंने मन्नत में ग्रैंड पार्टी होस्ट की थी। शाहरुख के इस बर्थडे पार्टी फिल्म इंडस्ट्री के तमाम एक्टर्स, एक्ट्रेसेस, डायरेक्टर्स और सिंगर्स दिखाई दिए थे। इस मौके फिल्म जवान के डायरेक्टर एटली भी दिखाई दिए थे। वहीं इस ग्रैंड पार्टी में रणवीर सिंह ने ष्ठछ्व बन लोगों को खूब नचाया। ये साल शाहरुख के लिए बेहद खास रहा है। उनकी दो फिल्में पठान और जवान ने 1000 करोड़ से अधिक की कमाई की है। इस सक्सेस की भी खुशी उन्होंने अपने बर्थडे के मौके पर सेलिब्रेट की थी। वहीं इस ग्रैंड पार्टी में रणवीर सिंह ने डीजे बन लोगों को खूब नचाया। ये साल शाहरुख के लिए बेहद खास रहा है। उनकी दो फिल्में पठान और जवान ने 1000 करोड़ से अधिक की कमाई की है। इस सक्सेस की भी खुशी उन्होंने अपने बर्थडे के मौके पर सेलिब्रेट की है।

## नवविवाहिता की मौत, पीएम रिपोर्ट का इंतजार, हत्या की आशंका



भोपाल, दोपहर मेट्रो

शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित कुम्हारपुरा में नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति का कहना है कि वह उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गया था। शरीर पर चोट होने के कारण मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार रानी पति आनंद ओसवाल (20) ईदगाह हिल्स मल्टी में रहती थी। करीब दस महीने पहले उसकी शादी आनंद ओसवाल से हुई थी। आनंद और रानी ने प्रेम प्रसंग के बाद आर्य समाज के मंदिर से शादी की थी। हालांकि आनंद अभी शादी के दस्तावेज पुलिस को नहीं दिखा सका है। आनंद फर्नीचर का काम करता है और शराब पीने का आदी है। उसने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात वह घर पहुंचा था। इस दौरान रानी मोबाइल पर किसी से बातचीत कर रही थी। आनंद ने उससे मोबाइल मांगा, लेकिन रानी ने उसे मोबाइल नहीं दिया। मोबाइल छीनते समय उसका रानी से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर रानी और आनंद ने एक दूसरे से मारपीट की थी। विवाद शांत होने के बाद वह सो गया। शुक्रवार तड़के करीब तीन बज के आसपास उसकी नींद खुली तो उसने रानी को साड़ी के फंदे के सहारे फांसी पर लटका देखा था। फंदा काटने के बाद वह एंबुलेंस की मदद से रानी को अस्पताल ले गया था, वहां डॉक्टर ने रानी को मृत घोषित कर दिया।

### दांत टूटे मिले, मुंह और नाक से आ रहा था खून

मामले की जांच कर रहे एएसआई दुलीचंद रेहगर ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंची थी। शव देखने पर पता चला कि उसके शरीर पर चोट के निशान हैं। रानी के साथ मारपीट होने से उसके दांत टूट गए थे। नाक और मुंह से खून निकल रहा था। मामला संदिग्ध होने के कारण उस कमरे को सील कर दिया है, जहां रानी ने फांसी लगाई थी।

## सुरेंद्र लैंडमार्क तिराहा पर हुआ हादसा, अलग-अलग जगहों पर भी हुई दुर्घटनाएं

# बीआरटीएस कॉरीडोर से आ रहे ट्रक ने कार को मारी टक्कर

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित सुरेंद्र लैंडमार्क तिराहा पर तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। हादसे के समय कार का चालक कार में दो लोगों मौजूद थे। हादसे में कार सवारों को मामूली चोट आई है, जबकि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई है।**

पुलिस ने बताया कि आशुतोष विश्नोई पिता धर्मपाल विश्नोई (26) कृष्णा कालोनी खातीपुरा मोड़, जयपुर राजस्थान में रहते हैं। वे वरदेशियन लाइफ साइंस मे मध्यप्रदेश स्टेट हेड हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गत 15 नवंबर को ही वह भोपाल आए हैं। वे अपने दोस्त अभिषेक श्रीवास्तव रूचि लाइफ स्केप में रुके हुए हैं। शुक्रवार रात करीब साढ़े 12 बजे वह अपनी कार से वृंदावन होटल खाना खाने गए थे। होटल मे खाना खाने के बाद दोनों रूचि लाइफ स्केप जा रहे थे। वृंदावन होटल के पास कार मोड़ते ही बीआरटीएस कॉरीडोर से आ रहे ट्रक उनकी कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर सामने से अलगने के कारण उनकी कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है।



### बुजुर्ग को टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर मामला दर्ज

बिलखिरिया थाना क्षेत्र में सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी और भाग निकला। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में घायल के पोते ने थाने पहुंचकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस टक्कर मारने वाले बाइक चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक आयुष विश्वकर्मा (23) ग्राम गुदावल थाना उमरावगंज जिला रायसेन में रहता है और कपड़े की दुकान पर काम करता है। बीती 15 नवंबर की शाम करीब सात बजे वह अपने बुजुर्ग दादा नन्नूलाल विश्वकर्मा के साथ ग्राम बिलखिरिया कंकाली रोड स्थित दुकान पर किराने का सामान लेने पहुंचा था। आयुष दुकानदार से सामान खरीदने लगा, जबकि दादा बाथरूम जाने के लिए सड़क क्रास करने लगे। इसी बीच तेज रफ्तार बाइक चालक ने नन्नूलाल को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर सिर के बल गिरकर घायल हो गए। आयुष दौड़कर मौके पर पहुंचा और घायल दादा को इलाज के लिए रायसेन रोड पटेल नगर स्थित निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया। अगली शाम अस्पताल से छुट्टी कराने के बाद उसने थाने पहुंचकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। नन्नूलाल बुजुर्ग होने के कारण ठीक से बातचीत नहीं कर पाते हैं।

### टवेरा की टक्कर से बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर घायल हुआ

पिपलानी इलाके में अज्ञात टवेरा गाड़ी की टक्कर से पैदल जा रहे बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक खेतसिंह (63) ग्राम मरखेड़ा गुलाब, सुल्तानगंज जिला रायसेन के रहने वाले हैं और मजदूरी करते हैं। गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपना काम खत्म करने के बाद आनंद नगर पुलिस चौकी के सामने सड़क पार कर रहे थे, तभी रायसेन की तरफ से आ रही तेज रफ्तार टवेरा गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात टवेरा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## कार ने जीआरपी आरक्षक को मारी टक्कर, पैर में गंभीर चोट



हबीबगंज स्थित गणेश मंदिर के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक से जा रहे जीआरपी आरक्षक को टक्कर मार दी, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने आरक्षक की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक राजपाल जाटव (31) इटारसी जिला होशंगाबाद में रहते हैं और जीआरपी थाना रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर पदस्थ हैं। बीती 11 नवंबर की शाम करीब साढ़े पांच बजे वह मोटर सायकिल पर सवार होकर शासकीय कार्य से डीआरएम कार्यालय जा रहे थे। गणेश मंदिर के सामने पहुंचने पर अरेरा कॉलोनी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राजपाल के पैर में गंभीर चोट आई थी। वह इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। उसके बाद वह दीपावली पर अपने घर चले गए। वापस लौटकर दोबारा अस्पताल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने राजपाल की रिपोर्ट पर टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### बाइक की टक्कर से युवक को आई गंभीर चोट




भोपाल। हनुमानगंज इलाके में बाइक की टक्कर से मोटर सायकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक प्रवीण प्रजापति (33) कोटरा सुल्तानाबाद में रहते हैं और निजी कंपनी में काम करते हैं। गुरुवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे वह अपनी मोटर सायकिल से समानांतर रोड से अग्रवाल धर्मशाला की तरफ जा रहे थे। पुट्ठा मिल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी मोटर सायकिल में टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड घायल

भोपाल। कोलार इलाके में बाइक की टक्कर से सिक्योरिटी गार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक सुनील तोमर (24) ग्राम धोलीउमर कोलार रोड पर रहता है और मजदूरी करता है। उसने पुलिस को बताया कि छोटा भाई दीपक अमलतास कालोनी में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी करता है। गुरुवार रात करीब साढे सात बजे वह ड्यूटी खत्म होने के बाद पल्सर बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। कोलार रोड स्थित माय सिटी कालोनी के पास एक बाइक चालक ने उसकी मोटर सायकिल में टक्कर मार दी, जिससे दीपक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## केरवा रोड स्थित डॉक्टर के फार्म हाउस से चोरी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

रातीबड़ थानांतर्गत केरवा रोड स्थित एक फार्म हाउस से चोर दिनदहाड़े गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। घटना के समय चौकीदार पत्नी के साथ काम से बाहर गया हुआ था। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक चतुर नारायण प्रजापति (31) ग्राम बीलखेड़ा थाना रातीबड़ का रहने वाला है। वह खुदागंज केरवा रोड स्थित डाक्टर हेमंत सिन्हा के फार्म हाउस पर पत्नी के साथ रहता है और चौकीदारी करता है। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे चतुर नारायण अपने काम से कलियासोत गया था, जबकि पत्नी दवाई लेने के लिए काटजू अस्पताल चली गई। शाम करीब पांच बजे चौकीदार फार्म हाउस पर लौटा तो फार्म हाउस में रखा एक गैस सिलेंडर गायब था। इसकी जानकारी उसने फार्म हाउस के मालिक को दी और बाद में थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर कोहेफिजा थानांतर्गत पंचवटी कालोनी में रहने वाले शाहरुख खान और पंतजलि कालोनी गांधी नगर निवासी सावन नामदेव के घर के सामने खड़ी मोटर सायकिल चोरी चली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित संतोष फार्म हाउस में भी बदमाशों ने चोरी की है। यहां से पंद्रह हजार रुपए की नगदी समेत बदमाश जेवरात चुराकर ले गए। पुलिस ने बताया कि घटना 11 से 17 नवंबर के बीच की है। पुलिस ने संतोष फार्म हाउस के मालिक आशीष जैन की शिकायत पर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## ऐशबाग का मामला : बाथरूम में गिरे बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

ऐशबाग थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बाथरूम में गिरने के कारण परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस में मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के



अनुसार नवरत्न सिंह यादव ऐशबाग में रहते थे। सुबह 10 बजे वे बाथरूम में गिर गए। गिरने के कारण उन्हें सिर में मामूली चोट आई थी। बेसुध हालत में परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही होने में मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

**मेट्रो एंकर** | **मतदान खत्म अब पुलिस करेगी टीम का गठन**

# चुनाव में उलझी पुलिस, रिटायर्ड अधिकारी के घर डकैती डालने वालों का नहीं लगा सुराग

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित राजधानी परिसर फेस टू में डीआरडीओ के रिटायर्ड अधिकारी के घर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात डकैती डालने वाले डकैतों का सुराग नहीं लग सका है। सूखीसेवनिया में एक बाइक मिलने से अनुमान है कि वारदात के बाद डकैत विदिशा की तरफ भागे हैं।**

पुलिस का कहना है कि चुनाव ड्यूटी में फोर्स लगा होने के कारण जांच अधर में लटकी है। अब मतदान खत्म होने के बाद फोर्स थाने लौटेंगा इसके बाद टीम का गठन किया जाएगा। फिलहाल थाना प्रभारी अपने स्तर पर विदिशा और उसके आसपास डकैतों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि राम प्रकाश बिरमानी (76) डीआरडीओ से टेक्निकल इंजीनियर पद से रिटायर्ड हैं। वे राजधानी परिसर, कान्हा सइया में रहते हैं। वे जिस परिसर में रहते हैं वहां केवल तीन चार ही मकान है। उनका सबसे बड़ा मकान है। उन्होंने बताया कि घर में वे और उनका 36 साल का बेटा सालिन बिरमानी रहता है। पिता पुत्र सोमवार रात खाना खाकर सो रहे थे। रात करीब दो बजे के आसपास उनके घर के सामने आधा दर्जन बदमाश पहुंचे। बदमाशों ने आवाज दी। वे कह रहे थे कि अंकल दरवाजा खोलो नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। राम प्रकाश ने दरवाजा नहीं खोला। दरवाजा नहीं खोलने से गुस्साए बदमाशों ने पत्थर फेंके पत्थर राम प्रकाश और उनके बेटे सालिन के सीने पर लगे थे। डर के कारण राम प्रकाश और सालिन ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और घटना की जानकारी डायल 100 को दी थी।

### ...तो जान का था खतरा



घटना की सूचना मिलते ही डायल 100 की टीम महज 12 मिनट के अंदर घटनास्थल पर पहुंच गई थी। पुलिस की आने की भनक लगते ही आरोपी माल बटोरकर निकल गए। इस दौरान अधिकारी और उनका बेटा अंदर के कमरे में सकुशल थे। यदि समय रहते पुलिस की टीम नहीं पहुंचती आरोपी लूटपाट की नियत से अधिकारी और उनके बेटे पर हमला कर सकते थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022